एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 238, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये

■ ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 12

■ तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर: अभिषेक - 12

■ तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 12

■ आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 14

नोएडा हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता त्रिच्चुरापल्ली स्टेशन से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● लगातार बदल रहा था ठिकाना एक लाख का था इनाम

अमृत विचार: नोएडा में श्रमिक आंदोलन में हिंसक घटनाओं का मुख्या साजिशकर्ताओं में शामिल आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तामिलनाडु के त्रिच्चुरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नोएडा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के कार्रवाई करते हुए दबोचा। आदित्य आनंद पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हिंसा वाले दिन से ही फरार चल रहा था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक आदित्य आनंद उर्फ रस्टी मूलतः बिहार के हाजीपुर के मढैया का रहने वाला है। वह वर्तमान में हरियाणा गुरुग्राम के सरस्वती विहार सेक्टर-28 में रहता था। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। जांच में उसे पूरे घटना का साजिशकर्ता पाया गया। नोएडा के थाना फेज-2 में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग की। आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में मिली। इसके बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक आदित्य आनंद की गिरफ्तारी के श्रमिक आंदोलन में हुई हिंसा के बारे में पूछताछ की जाएगी। ताकि पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा हो सकेगा।

विपक्ष ने विधेयक रोककर महिलाओं के सपने कुचले : मोदी

● प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए उन्हे कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी और सपा जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। मोदी ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। महिलाओं ने देखा है कि विपक्षी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है।

एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण और देश में सुधार के सभी प्रयासों का हमेशा विरोध किया है।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

1.6 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में बैंक अधिकारी व दो अन्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने 1.6 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट प्रकरण के सिलसिले में इंडसइंड बैंक के एक सहायक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच के तहत एजेंसी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आरोपियों ने एक वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर 1.6 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया। सीबीआई ने पाया कि बैंक अधिकारी ने एक कंपनी के नाम पर फर्जी खाता खोलने में मदद की, जिसके जरिये अपराध से प्राप्त राशि की लेनदेन की गई।

होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

समुद्री मार्ग फिर किया बंद, भारत ने ईरानी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया | अमेरिका पर सीजफायर डील तोड़ने का आरोप, ट्रंप बोले- यूरेनियम हर हाल में लेंगे

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी

होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है। सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।

ब्रिटेन की सेना ने कहा कि आईजीआरएस की दो गनबोट ने होर्मुज से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ है टैंकर में उपस्थित चालकदल सुरक्षित हैं।

अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

दुबई। ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है। परिषद ने कहा कि ईरान ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन आगे की बातचीत के लिए अमेरिका को अत्यधिक मांगों को छोड़ना होगा और जमीनी हकीकत के अनुरूप अपने अनुरोधों को समायोजित करना होगा।

इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखने वाले पोर्टल ने बताया कि ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

काहिरा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया, यूपी-आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। साथ ही रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले

● 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ

● 24,815 करोड़ रुपये से पूरी की जाएंगी रेलवे की दोनों परियोजनाएं

यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

(संबंधित कारोबार पेज पर)

भीषण गर्मी दिखाने लगी असर, पारा 45 पार जाने के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अगले दो-तीन दिन शुष्क मौसम पूर्वी यूपी में लू चलने की चेतावनी

अमृत विचार: प्रदेश में अप्रैल के मध्य में ही भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। जबकि 16 शहरों में पारा 40 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। शनिवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज समेत करीब 50 शहरों में तेज धूप और लू जैसे हालात बने हुए हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि शुष्क पछुआ हवाओं और आंतरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रति चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में दिन के समय कहीं-कहीं उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है।अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के आसार हैं। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी और बुंदेलखंड क्षेत्र में दिन के समय तेज धूप और गर्म पछुआ हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। लखनऊ में भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है और आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। राजधानी में मौसम शुष्क रहेगा तथा गर्म हवाएं चलने की संभावना है। प्रयागराज में गर्मी और अधिक तीखी रहने के संकेत हैं। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

स्कूल जाने वाले बच्चे चेहरे ढककर और छाते लेकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार करने के साथ आने वाले दिनों में शुष्क पछुआ हवा चलेगी, लू चलेगी।

भारत को राहत, रूसी तेल खरीद के लिए अमेरिका ने एक महीने की छूट बढ़ाई

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने जारी किए आदेश

अमेरिका ने रूस से पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद की अनुमति देने वाली छूट की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है जबकि कुछ दिन पहले ही उसने यह विशेष राहत देने संबंधी कदम को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही थी।

अमेरिका ने शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी कर रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों से छूट की अवधि को 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में मौजूद तेल के लिए 16 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले भारत को पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी थी। इसके कुछ दिन बाद अन्य देशों को भी छूट दी गई थी जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अमेरिका द्वारा जारी सामान्य लाइसेंस ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं करता है।

बिना नोटिस राहुल पर एफआईआर के आदेश असंगत

विधि संवाददाता, लखनऊ

दोहरी नागरिकता मामला

● हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओपन कोर्ट में सुनाए गए आदेश पर लगाई रोक

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के ओपन कोर्ट में सुनाए गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है।

आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया। हालांकि उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है। ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल) को नोटिस जारी किए मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक निवासी याची एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर न्यायालय ने शुक्रवार को राहुल गांधी के विरुद्ध कथित दोहरी नागरिकता के मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश ओपन कोर्ट में डिक्टेट किया था।

सियासत | बंगाल में गरजे मुख्यमंत्री योगी, टीएमसी पर बोला तीखा हमला, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

पश्चिम बंगाल में भी लव जिहाद व लैंड जिहाद पर लग जाएगी रोक : योगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

पश्चिम बंगाल के माथाभांगा जिला कुचबिहार विधान सभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोरदार हुंकार भरी। माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला और भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, टीएमसी और अन्य दल महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों की पैरोकारी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने आधी आबादी को उनका हक देने में बाधा डाली, जो महिलाओं का अपमान है। योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए टीएमसी को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर यूपी की ही भांति पश्चिम बंगाल में भी लव जिहाद व लैंड जिहाद पर रोक लगा दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। साथ ही दावा किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और उद्योग-धंधे ठप हो रहे हैं। किसान पलायन करने को विवश है। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में सात हजार से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता। यह पैसा तृणमूल के गुंडे व बांग्लादेशी घुसपैठिए खा जाते हैं। सैंड माफिया, बागान माफिया सभी आपके हक पर डकैती डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के पास अब परिवर्तन का अवसर है और भाजपा की सरकार बनने पर विकास को गति मिलेगी। ममता दीदी को तो हिंदुओं व जय श्रीराम के उद्घोष से चिढ़ है।

मुख्यमंत्री योगी ने बांग्ला में किया संवाद

जनसभाओं में मतदाताओं से बांग्ला भाषा में संवाद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमार सोनार बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल), जनता ने जवाब दिया- टीएमसी मुक्तो बांग्ला (टीएमसी मुक्त बंगाल)। सीएम ने कहा, ऑन्धकार, जनता बोली- हटबे, मुख्यमंत्री ने कहा- सूरोज, जनता बोली- उगेबे, सीएम बोले- कोमोल, जनता ने कहा- खिलबे (अंधेरा-हटेगा, सूरज-उगेगा, कमल-खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने यह कहकर अपनी बात संपन्न की- पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत), इसका भी जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। जनसमूह ने कई बार अपने दोनों हाथ उठाकर इसे दोहराया।

भगवान भोलेनाथ की जय — रोग मुक्त मानव
श्री केदारनाथ धाम की जय — शोक मुक्त मानव
श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय — भय मुक्त मानव
भ्रम मुक्त मानव
माता कामाख्या की जय — नशा मुक्त मानव

श्री करौली शंकर महादेव धाम

की ओर से सभी देशवासियों को

भगवान नारायण के छठे अवतार
भगवानों के भगवान, भगवान



परशुराम जी के जन्मोत्सव

व

अक्षय तृतीया

रविवार, 19 अप्रैल 2026

की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रत्येक माह की **अमावस्या** एवं **पूर्णिमा** में उपस्थित होकर पुण्य के भागीदार बनें

मिश्री मठ हरिद्वार के तृतीय मठाधिपति

श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर
पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर जी
तृतीया मठाधिपति– मिश्री मठ, हरिद्वार

प्रत्येक रविवार सरयैया घाट पर शाम 7:30 बजे होने वाली **गंगा महा आरती** में अवश्य भाग लें

परशुराम चालीसा
पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर महादेव जी के मधुर स्वर में सुनने के लिए QR CODE स्कैन कीजिए

श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम, लव कुश आश्रम, ग्राम-करौली, कानपुर - 208021
www.poornaguru.org • @KarauliShankar
+91 80 90 100 343

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

तेज हुआ गर्मी का सितम, पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप, 25 अप्रैल तक तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। महीने के शुरुआती दिनों में मौसम के आकस्मिक बदलाव से राहत रही लेकिन अब दूसरा पखवारा शुरू होने के साथ ही गर्मी का प्रकोप तेज होने लगा है। इस क्रम में दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार जा पहुंचा जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। 25 तारीख तक हीटवेव की तीव्रता व गर्मी भी बढ़ती रहेगी।

शनिवार को सुबह तो कुछ राहत भरी रही लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप की तपिश तेज हो गई। इससे 10 बजे से ही भीषण गर्मी महसूस की गई। दोपहर 12 बजते बजते तपिश बेतहाशा बढ़ गई जिससे लोग छांव तलाशते नजर आए। यूं भी सप्ताह का अंतिम दिवस होने से जिनको जरूरी नहीं था उन लोगों ने घर के भीतर रहने में ही भलाई समझी। जैसे जैसे

तपिश के चलते शाम पांच बजे भी जीटी रोड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- **दिन के समय तेज धूप और हीट वेव से जनजीवन हुआ बेहाल**

गर्मी बढ़ रही है वैसे वैसे ठंडे पेय की दुकानों में बढ़ोतरी भी हो रही है। जगह-जगह ठेलों पर गन्ने के जूस को निकालकर लोगों को पिला राहत देने की दुकानें भी चालू हो चुकी है। गर्मी का कहर तेज हुआ तो दोपहर के समय सड़कों और बाजार में सन्नाटे जैसी स्थिति नजर आई। जो लोग निकले भी वे पूरी तरह से शरीर को कपड़ों से ढंके हुए थे। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस होने के साथ ही लू भी चलने लगी है। 25 तारीख तक इसी तरह गर्मी जारी रहेगी। हालांकि कहीं कहीं आंधी की स्थिति भी बन सकती है। कहा मक्का की फसल करने वाले किसानों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। बताया कि किसान जिनकी फसल अभी घुटनो तक बढ़ गई है वे मिट्टी में पूसा हाइड्रोजेल, APSA-80 का प्रयोग कर मिट्टी की नमी को रोक सकते हैं। इससे वर्षा जल की बचत भी होगी।

हीटवेव से रहें सतर्क वरना हो जाएंगे बीमार

- जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि पहला प्रयास तो यह करें कि सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक घर से न निकलें। निकलना भी पड़े तो पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर व शरीर के सभी अंगों को ढंककर निकलें। खूब पानी पीयें। छाछ का प्रयोग भी कर सकते हैं क्योंकि गर्म हवा चलने लगी है। ऐसे में इसकी ठंडी तासीर शरीर में नमी बनाए रखेगी। धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी न पीयें और एसी व कूलर में न बैठें। पहले खुद को वातावरण के अनुकूल कर लें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें और बासी खाना किसी हाल मे न खाएं। अगर गर्म हवा के कारण स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी होती है तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

फार्मर रजिस्ट्री एवं आईडी से ही मिलेगी सम्मान निधि

कन्नौज। आगामी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त केवल उन्हीं कृषकों को प्रदान की जाएगी, जिनका किसान पहचान पत्र जारी हो चुका होगा। कृषि विभाग एवं सहयोगी विभागों उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई की योजनाओं का क्रियान्वयन भी इसी आधार पर किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि फार्मर आईडी के आधार पर ही कृषक उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद—जैसे गेहूँ, धान, दलहन, सरसों आदि—के विक्रय हेतु भी किसान पहचान पत्र अनिवार्य है। केवल वे कृषक, जो चकबन्दी प्रक्रिया से प्रभावित हैं, उन्हें वर्तमान में छूट प्रदान की गई है। इसी तरह सभी किसान जो खतौनी धारक हैं के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य है। वे किसान साथी, जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहे हैं या वे भी जो नहीं प्राप्त कर रहे हैं और खतौनी धारक हैं को फार्मर रजिस्ट्री बनवानी होगी।

राहुल और अखिलेश के पुतले फूंकतीं विधायक अर्चना पांडे, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व महिला मोर्चा पदाधिकारी। अमृत विचार

भाजपा ने फूंके राहुल गांधी और अखिलेश के पुतले

संवाददाता, छिबरामऊ

- **महिला आरक्षण का बिल पास न होने देने पर फूटा गुस्सा**

अमृत विचार। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) को गिराए जाने पर भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को तालग्राम रोड स्थित स्टार कोल्ड स्टोर के पास 'महाआक्रोश अभियान' के तहत जोरदार प्रदर्शन कर नेता प्रतिपक्ष का पुतला फूंका गया।

विधायक अर्चना पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को उनका हक देने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है। उन्होंने विपक्ष पर देश की आधी आबादी के सपनों को कुचलने का आरोप लगाया है। कहा कि विपक्ष की संकीर्ण मानसिकता के कारण इसमें रोड़े अटकाए जा रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा सदैव नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके पुतले फूंके। भाजपा का कहना है कि विपक्ष का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

हरे पेड़ों की अवैध कटान की सूचना पर पहुंची पुलिस

तिर्वा। ठठिया थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की हरे पेड़ों की अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्यामपुर गांव में सामने हरे पेड़ काटने की सूचना पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि लकड़ी माफिया पेड़ों को काटकर ले जाने की तैयारी में था, तभी पास के खेत मालिक ने इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दे दी। टीम मौके पर पहुंची और कटे हुए हरे पेड़ों को कब्जे में ले लिया। साथ ही एक व्यक्ति को सुपुर्दगी में देकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजीव कुमार का कहना है कि क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई किसी भी हालत में नहीं होने दी जाएगी। यदि कोई ऐसा करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंदिर में दानपेटी का ताला तोड़कर नकदी चोरी, जांच की मांग

सौरिख। कस्बे में स्थित संतोषी माता मंदिर पर चोरों ने बाहर रखी दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी पार कर दी और फरार हो गए। मंदिर के पुजारी जगदीश त्रिपाठी ने बताया कि रोज की तरह सुबह जब वह मंदिर पहुंचे और दरवाजा खोला तो देखा कि दानपेटी का ताला टूटा पड़ा था। पास जाकर देखने पर उसमें रखी नकदी गायब मिली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई और पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।पुजारी ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दी है।

तिर्वा क्रॉसिंग की अव्यवस्था 10 दिन में दूर की जाए

कन्नौज। समाज कल्याण राज्य मंत्री की ओर से शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में शामिल तिर्वा क्रॉसिंग क्षेत्र में फैली अव्यवस्थाओं पर कड़ा रुख अपनाया गया है। क्रॉसिंग से तिर्वा की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के नीचे अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और गंदगी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने नगर पालिका परिषद को पत्र लिखकर 10 दिनों के अंदर ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कहा है। पत्र में राज्यमंत्री ने कहा कि तिर्वा क्रॉसिंग से तिर्वा की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के नीचे टेंपो-रिक्शा की अनियमित पार्किंग, दुकानों का अतिक्रमण और कूड़े के ढेर के कारण लोगों को भारी असुविधा हो रही है। खराब सड़क और जलभराव की समस्या ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए 10 दिनों के अंदर तीन बिंदुओं पर एक ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे क्षेत्र में जल्द सुधार सुनिश्चित हो सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

पंजीकरण न कराने में 30 कीटनाशक दुकानदारों के लाइसेंस हुए निरस्त

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। जिले में संचालित 30 दुकानदारों द्वारा लंबे समय से कीटनाशी का व्यापार नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही इन्होंने संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण भी नहीं कराया था। पंजीकरण न कराए जाने पर इन सभी के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि08 अप्रैल को 30 कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण न कराए जाने पर उनके लाइसेंस निरस्त किए गए थे। इनको पोर्टल अविलंब पंजीकरण कराने को कहा गया था। एक सप्ताह से

- **एक हफ्ते पहले अल्टीमेटम देकर दिया गया था रजिस्ट्रेशन का समय**

अधिक बीतने के बाद भी इन्होंने पोर्टल परपंजीकरण नहीं कराया जिन पर कार्रवाई हुई है उनमें मे, कपूलवती खाद भंडार उमर्दा, जय श्री महाकाल बीज एजेंसी कड़ेरा, श्री बालाजी खाद व बीज भंडार बलनपुर, मे. श्री बांके बिहार बीज भंडार जटियापुर, कृष्णा खाद एवं बीज भंडार ठठिया, मे. अंकुछ एग्रो एजेंसी वाकी उमर्दा, मे.मां दुर्गे बीज भंडार खैरनगर रोड, महतेपुरवा, मे. राजपूत बीज भंडार लिलुइया, मे, वीसीम इजीनियरिग कंपनी, तिर्वा, मे. स्मृति शर्मा खाद एंड बीज भंडार कनौली, मे. कदारी खीद बीज भंडार बेलामऊ सरैया, कटियार कृषि सेवा केंद्र चौकी ठठिया, कनारायण ट्रेडर्स बेटा, श्री राम ट्रेडर्स फिरोजपुर, ओम बीज भंडार, दौलतपुर, ठठिया, द्विवेदी कीटनाशक सेवा केंद्र गढ़िया, मां. दुर्गा बीज भंडार खैरनगर रोड बंबा पुलिया, एग्रीजंक्शन वन स्टाप शॉप सुक्खापुरवा, तिर्वा, एग्रीजंक्शन वन स्टाप शॉप पट्टी सत्तार, विकास बीज भंडार दुर्गा नगर, तिर्वा, अशोक बीज एजेंसी फुलवारी उमर्दा, पाल बीज भंडार ठठिय, न्यू किसान बीज दवा भंडार सतौरा, आयशा बीज भंडार, खाड़ेदेवर, राजा कृषि सेवा केंद्र मलिकपुर, आरव कृषि सेवा केंद्र सराय प्रयाग, सचिन खाद एवं बीज भंडार अनीभोज आदि शामिल हैं।

किसी की तेरहवीं से पहले दर्ज हो विरासत

संवाददाता तिर्वा

अमृत विचार। जिलाधिकारी ने तिर्वा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई की। इस दौरान संबंधितों को निर्देश दिए कि किसी की भी मृत्यु होने पर उसकी विरासत तेरहवीं संस्कार से पहले दर्ज हो जानी चाहिए। इसके साथ ही सुनवाई के दौरान अफसरों के मोबाइल पर व्यस्त रहने पर नाराजगी जताई तथा गैराहाजिर रहे चकबंदी अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

माह के तीसरे शनिवार को

संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुआ। दो बजे तक 186 लोगों ने अपनी शिकायते दर्ज कराई जिसमें 28 निस्तारित कर दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि मृतक के परिजनों को विरासत दर्ज कराने के लिए तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। इस काम में जो हीलाहवाली करेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मृतक की तेरहवीं से पहले विरासत दर्ज कराई जाए। अग्निहोत्री ने समाधान दिवस के दौरान कुछ अधिकारियों के मोबाइल पर व्यस्त रहने पर नाराजगी जताई तथा रवैये में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने गैरहाजिर अफसरों में से जिला चकबंदी अधिकारी अनंत सिंह का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।

डीडीओ को मिला प्रभारी सीडीओ का प्रभार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी के तबादले को नौ दिन से अधिक का समय हो गया है। इसके बाद भी शासन की ओर से अब तक कोई नई तैनाती नहीं की है। इस कारण जिलाधिकारी की ओर से अग्रिम तैनाती होने तक जिला विकास अधिकारी को संबंधित पद का प्रभार सौंप दिया है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की ओर से जारी 17 अप्रैल 2026 के आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास अनुभाग – लखनऊ की ओर से जारी 8 अप्रैल 2026 के आदेश द्वारा मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज रामकृपाल चौधरी को तत्काल प्रभाव से कार्यालय आयुक्त, ग्राम्य विकास, उप्र लखनऊ से संबद्ध किया गया है। आदेश के अनुपालन में 11 अप्रैल 2026 को जारी कार्यमुक्त आदेश के क्रम में कार्यमुक्त किया जा चुका है किंतु अभी तक मुख्य विकास अदिकारी कन्नौज के पद पर किसी अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है।

अतः राजकीय कार्यहित में शासन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज के पद पर तैनाती होने तक जिला विकास अदिकारी कन्नौज नरेंद्र देव द्विवेदी को अपने पदीय दायित्वों के साथ साथ उक्त पद के नैत्यिक कार्य किए जाने हेतु अधिकृत किया जाता है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मौजूद एसडीएम।

एसडीएम ने किया गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

छिबरामऊ। उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने आज स्थानीय नवीन मंडी स्थल पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद किसानों से बातचीत की और तौल प्रक्रिया का जायजा लिया। एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं की बिक्री में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। शासन की मंशानुरूप पारदर्शी तरीके से खरीद सुनिश्चित की जाए।

आक्रोश | पोस्टपेड की जगह प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने से नाराज लोगो ने गांव में प्रदर्शन किया

बिजली विभाग की मनमानी से भड़के ग्रामीण

संवाददाता सौरिख

अमृत विचार। पोस्टपेड की जगह प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने से नाराज लोगो ने गांव में प्रदर्शन किया। लोगों ने आक्रोश जताते हुए पहले वाले ही मीटर लगाए जाने की मांग की।

वि बहादुरपुर में शनिवार दोपहर लगभग आधा सैकड़ा लोगो ने पोस्टपेड की जगह प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर गुस्सा जताते हुए प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि वे खेती किसानी करने वाले लोग हैं। कहीं से अतिरिक्त पैसे डाल पाएंगे। गांव में ऐसे भी लोग है जो रोज कमाते रोज खाते है। सरकार ने उनके साथ धोखा किया। स्मार्ट मीटर में बैलेंस एडवांस नहीं है तो बिजली बंद कर दी जाती है। रवि मिश्रा ने कहा कि उन लोगों के पुराने मीटर ही लगा दिए जाएं जिससे

स्मार्टमीटर के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

रोज रोज का झंझट खत्म हो सके। प्रदर्शन शामिल लोगों ने बताया जब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे तब कहा गया था यह पोस्टपेड ही रहेगा लेकिन दो से तीन माह बाद ये स्मार्ट मीटर हो गए। इस मौके पर बंटी, अरविंद सिंह, , राकेश सिंह, सुनील दिवाकर गौरव सिंह पुन्नी पांडे, अनुपम पांडे, सौरभ सिंह, महावीर पांडे, बंगाली, सूरज दिवाकर, मुनीश्वर दिवाकर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मनमाना बैलेंस काटा जा रहा

- स्मार्ट मीटर लगने पर मनमाने पैसे कट जाते हैं और बैलेंस कम होने पर लाइट काट दी जाती है। जब समस्या को लेकर उपभोक्ता बिजली घर जाता वहां भी उसे कोई सन्तुष्ट नही कर पाता और कहा जाता यह ऊपर सिस्टम से होता है। लोगों ने इस व्यवस्था को बदले जाने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

मानसिक बीमार युवक लापता, हो रही खोज

कन्नौज। घर से बिना जानकारी के युवक लापता हो गया। मामले की कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है। खोजने वाले को 5000 रुपये का इनाम परिजनों ने घोषित किया है। कोतवाली तिर्वा क्षेत्र के गांव जसपुरापुर सरैया निवासी योगेंद्र कुमार पुत्र श्रीकांत तिवारी ने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी कि उनके बड़े भाई वृजेश कुमार 24 जनवरी को घर में बिना जानकारी दिये कहीं चले गए। खोजने के बाद भी उनका पता नहीं चल रहा है। वह मानसिक बीमार हैं।

बच्चों के विवाद में युवक को पीटा, हालत गंभीर

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र के कैहटा गांव में शनिवार को बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ों के झगड़े का रूप ले लिया। इस दौरान गांव के ही कुछ दबंगों ने पवन पुत्र नंदराम को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, बच्चों के बीच हुए एक छोटे से विवाद के बाद तनाव बढ़ गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने पवन को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। मारपीट में पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। कमालगंज थाना अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सरिया काटते समय युवक का हाथ कटा

फर्रुखाबाद। लेंटर के लिए सरिया काटते समय शनिवार को एक युवक का हाथ ग्लेंडर से कट गया। 24 वर्षीय विजय गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली के मोहल्ला अण्डियाना निवासी विजय पुत्र विनोद सक्सेना शनिवार दोपहर लेंटर पर डालने के लिए ग्लेंडर से सरिया काट रहा था। इसी दौरान अचानक उसका हाथ ग्लेंडर की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल विजय को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने घायल का इलाज शुरू कर दिया है। घायल विजय ने बताया कि वह लेंटर के लिए सरिया काट रहा था, तभी अचानक ग्लेंडर के नीचे उसका हाथ आ गया और कट गया। उन्होंने बताया कि वह इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया आए हैं।

बाइक डिवाइडर से टकराई चालक की मौत, साथी जख्मी

एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की देर शाम हुई दुर्घटना, कोहराम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। एक्सप्रेस वे पर चालक को नींद आने से तेज रफ्तार बाइक डिवाडर से टकराई। चालक की मौत हो गई जबकि साथी घायल हो गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर संख्या 172 + 400 बायीं ओर शुक्रवार को समय करीब 6:35 बजे शाम को माधव (28) पुत्र चंदर शर्मा निवासी चरसटी थाना परसपुर जनपद गोंडा बाइक लेकर अपने फुफेरे भाई पिंटू शर्मा (35) पुत्र राम तीरथ शर्मा निवासी चैनपुरवा थाना परसपुर जनपद गोंडा के साथ आगरा की ओर से अपने घर जा रहा था।

माधव की फाइल फोटो, घायल पिंटू

इसी दौरान चालक को झपकी लग जाने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इससे चालक माधव के सिर में गंभीर चोटे आई। उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे पिंटू के शरीर पर चोटे आई। उसे तत्काल मौके पर मौजूद एंबुलेंस 172 से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया। एंबुलेंस कर्मी की सूचना पर सहायक सुरक्षा अधिकारी गश्ती दल गाड़ी संख्या 8 से मौके पर पहुंची। तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर थाना तालग्राम पुलिस मौके पर पहुंची। सेफ्टी टीम डायल 112, 8639 मौके पर आकर राहत एवं बचाव कार्य कराया गया। मोटरसाइकिल मामूली क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे थाना तालग्राम के उप निरीक्षक रज्जन लाल वर्मा की देखरेख में भेजा गया। इन लोगों के पास दो झोले उन में समान था। माधव के पास से 1860 रुपए मिले जिसे पिंटू शर्मा को मौके पर दिया गया।

ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का विरोध

छिबरामऊ। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर निगोह में दबंगों द्वारा ग्राम समाज और मुख्य मार्ग की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है।

ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव के दबंग व्यक्तियों ने ग्राम पंचायत तथा सार्वजनिक सड़क की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। आरोपियों ने सरकारी 'इंडिया मार्क-2' हैंडपंप को भी उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जब ग्राम पंचायत की ओर से निर्माण रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपियों ने लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न कर दी। मांग की है कि अवैध निर्माण तुरंत रोका जाए, विवादित भूमि की राजस्व टीम से पैमाइश कराई जाए और हैंडपंप की क्षतिपूर्ति आरोपियों से वसूली जाए।

मानीमऊ में श्रीमद् भागवत कथा, दिव्य दरबार 22 से

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- काले कंबल वाले बाबा व पण्डोखर सरकार का दिव्य दरबार भी लगेगा

अमृत विचार। मानीमऊ आनंदेश्वर धाम ऋषि नगर में 22 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा होगी। यहां पर काले कंबल वाले बाबा का दरबार भी लगेगा। 26 से 28 अप्रैल तक त्रिकालदर्शी पण्डोखर सरकार का दरबार लगेगा।

सनातन धर्म सेवा फाउण्डेशन के तत्वाधान में 22 से 28 अप्रैल तक श्रामद् भागवत कथा पं. सदानन्द जी महाराज बिठूर कहेंगे। प्रेस को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पीठाधीश्वर पं. कौशल जी महाराज ने बताया कि संत सम्मेलन 27 अप्रैल को सुवह 10 बजे से होगा। 22 से 28 अप्रैल तक गुजरात से काले कंबल वाले बाबा की ओर से रोग निवारण कैंप, 26 से 28 अप्रैल तक त्रिकाल दर्शी पण्डोखर सरकार का दिव्य दरबार लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीएमओ की ओर से स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया जायेगा।

कैंप में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, अलोपैथिक उपचार भी दिया जायेगा। इसी अवधि में एक दिन जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम की ओर से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जायेगा। फाउण्डेशन के निदेशक प्रभात त्रिपाठी मोबाइल नंबर 9005906964, महाराणा प्रताप 9415167951, शिवांक त्रिपाठी 9555086100, आशुतोष त्रिपाठी 9044168757 व हिमांशु तिवारी के मोबाइल नंबर 6388769903 पर कार्यक्रम संबंधी जानकारी ली जा सकती है।

भाकियू (अवधेश) के संगठन का किया गया विस्तार

छिबरामऊ। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की संस्तुति पर इटावा जिले के लिए संतोष कुमार यादव को जिलाध्यक्ष तथा मनोज कुमार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मनोनयनों पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संजू, मैनेजर कार्यालय प्रभारी शिबू तथा जिलाध्यक्ष कन्नौज सुनील मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी प्रकार की कमेटियां 15 दिन के अंदर गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एकजुट होकर किसान हितैषी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

महिला शक्ति वंदन के नाम पर प्रदर्शन दिखावा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सपा के जिला प्रवक्ता ने भाजपा नेताओं पर बोला हमला
- छिबरामऊ के कार्यक्रम को बताया महिलाओं को भ्रमित करना

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता आकाश शाक्य ने कहा कि छिबरामऊ में भाजपा द्वारा आयोजित "महाआक्रोश कार्यक्रम" पूरी तरह से एक प्रायोजित और दिखावटी राजनीतिक आयोजन था। इसका उद्देश्य जनता को भ्रमित करना और अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक अर्चना पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की ओर से महिला शक्ति वंदन के नाम पर किया गया यह प्रदर्शन न केवल वास्तविकता से कोसों दूर है, बल्कि महिलाओं के सम्मान के नाम पर राजनीतिक स्वार्थ साधने का एक प्रयास भी है। यदि केंद्र सरकार वास्तव में महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के प्रति गंभीर होती, तो नारी शक्ति वंदन बिल को बिना किसी शर्त और कुटिल प्रावधान के सीधे तौर पर लागू किया जाता। लेकिन भाजपा सरकार ने इस बिल में परिसीमन (डेलिमिटेशन) की व्यवस्था जोड़कर अपनी राजनीतिक मंशा साफ कर दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर देश में बिना जनगणना कराए लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का नया परिसीमन लागू करना चाहती है, जिससे वह अपने राजनीतिक हितों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को पुनर्गठित कर सके।

कहा कि अखिलेश यादव के पुतले जलाना भाजपा की हताशा और निराशा का प्रतीक है। समाजवादी कार्यकर्ता जवाब देने के लिए खड़े हो गए तो हर गांव और हर कस्बे में भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए भाजपा नेताओं के पुतले फूंकने का काम किया जायेगा।

विश्व धरोहर दिवस पर एनसीसी कैडेट्स व छात्राओं को जानकारी देते वीथिका सहायक पवन तिवारी। अमृत विचार

विश्व धरोहर दिवस पर संग्रहालय में प्रदर्शनी लगी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजकीय पुरातत्व संग्रहालय में साप्ताहिक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विश्व विरासत की सूची में शामिल धरोहरों आगरा का ताजमहल, सांची का स्तूप, अजंता, एलोरा, एलिफेंटा, मराठा सैन्य परिदृश्य, अहोम दफन प्रणाली, शांति निकेतन आदि को दर्शाया गया। इसी के साथ गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज कन्नौज की छात्राओं को प्रदर्शनी का अवलोकन एवं संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। विश्व धरोहर दिवस 2026 की थीम 'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवित विरासत के लिए आपात कालीन प्रतिक्रिया' है।

यह थीम मुख्य रूप से उन ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासतों की सुरक्षा पर केंद्रित है जो युद्ध, संघर्ष या प्राकृतिक आपदाओं के कारण खतरे में हैं। इस दौरान वीथिका सहायक पवन तिवारी ने छात्राओं को धरोहरों के बारे में जानकारी दी।

टूटी पाइपलाइन हुई ठीक साल भर बाद मिली राहत

संवाददाता गुरसहायगंज

- समाचार अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद किया गया ठीक

अमृत विचार। करीब एक वर्ष से टूटी पड़ी पाइप लाइन से प्रतिदिन बह रहे सैकड़ो लीटर पानी का समाधान नगर पंचायत ने करा दिया है। सैकड़ों लीटर पानी बरबाद होने का समाचार अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारियों ने पाइपलाइन को ठीक कर दिया।

नगर पालिका का नंगापुरवा रोड पर 10 नंबर नलकूप है। इससे नगर के कई मोहल्ले में पानी की आपूर्ति की जाती है। नलकूप से चंद कदम की दूरी पर करीब एक वर्ष से पाइप टूटा था जिसकी वजह से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा था। इससे खेत स्वामी विवेक पाठक और अतुल गुप्ता को भी काफी नुकसान हो रहा था। इसकी खबर शनिवार को अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने तत्काल पाइपलाइन को ठीक कराया। जलकल लिपिक जनार्दन मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों को लगाकर पाइपलाइन को ठीक कर दिया गया है और अब पानी बर्बाद नहीं होगा।

पालिका की लापरवाही एक साल से बह रहा पानी

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। जल ही जीवन है, कल के लिए बचाएं जल, जैसे नारे नगर पालिका आम लोगों को जागरूक करने के लिए बताती है लेकिन खुद ही सैकड़ो लीटर पानी बहा रही है।

कस्बा के मोहल्ला अफसरी निवासी विवेक पाठक और मोहल्ला अशोक नगर निवासी अतुल गुप्ता ने बताया कि उनके खेत नंगा पुरवा रोड पर स्थित नलकूप संख्या 10 के निकट हैं। इस नलकूप से नगर

टूटे पाइप से निकले पानी से भरा गड्ढा

है जिनमें पानी भरा रहने से गंदगी भी फैली रहती है। उक्त लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई महीने पहले नगर पालिका में शिकायत

18 अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर।

पाइपलाइन ठीक करता कर्मचारी।

ग्राम सचिवालय में बोली लगाते लोग। अमृत विचार

2.31 लाख रुपये में हुई ठेका की नीलामी

संवाददाता जलालाबाद कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम पंचायत के अधीन आने वाले तहबाजारी ठेका की नीलामी शनिवार को ग्राम पंचायत सचिवालय में की गई।

नीलामी की शुरुआत 1.20 लाख रुपये की बोली से हुई। धीरे-धीरे बोली को आगे बढ़ाते हुए राहुल पाठक ने 2.15 लाख की बोली लगाई। इसके बाद अश्वनी ने 2.30 लाख रुपये की बोली लगाई। अंत में लवकुश ने सर्वाधिक 2.31 लाख रुपये की बोली लगाई। ठेका लवकुश के नाम आवंटित कर दिया गया। जलालाबाद ग्राम में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बाजार लगता है।

संविलियन विद्यालय से सामग्री चोरी

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद के अलावलपुर गांव स्थित संविलियन विद्यालय में शुक्रवार को अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर विद्यालय से पंखे, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर और बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री चुरा ले गए।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात चोर विद्यालय परिसर में घुसे। उन्होंने रसोईघर से दो गैस सिलेंडर चुराए। प्रधानाचार्य कक्ष से तीन पंखे और एक 32 इंच का एलईडी टीवी भी चोरी हो गया। चोरों ने स्कूल परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला भी तोड़ा। यहां से लगभग 50 किलोग्राम दलिया, 200 किलोग्राम चावल, 26 किलोग्राम रिफाइंड तेल और 50 दाल के पैकेट सहित अन्य खाद्य सामग्री चुरा ली गई।

जनगणना ड्यूटी से लौट रहे शिक्षक की स्कूटी में लगी आग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। जनगणना ड्यूटी से लौट रहे शिक्षक की इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग बुझाई तब तक स्कूटी जल कर नष्ट हो गई।

बछज्जापुर गांव निवासी रामतीर्थ जिला मुख्यालय पर केके इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक हैं। शुक्रवार शाम वह जनगणना ड्यूटी करके भाभी सुनीता देवी के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर लौट रहे थे। जलालपुर पनवारा में ओवरब्रिज के पास पहुंचे, तभी उनकी स्कूटी में आग लग गई। आग लगते ही दोनों चलती स्कूटी से कूद गए। देखते ही देखते स्कूटी आग का गोला बन गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर कर्मचारी पहुंच गये और आग पर काबू पाया। रामतीर्थ ने बताया कि उन्होंने एक माह पहले ही इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। शुक्रवार शाम वह महज 10 किलोमीटर की दूरी तय किये थे कि स्कूटी में अचानक आग लग गई।

जीटी रोड पर जलती स्कूटी।

भाकियू ने मांगों का 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) ने शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को बिजली विभाग और शिक्षा से संबंधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष भरत शर्मा और मनमोहन सिंह राठौर की अध्यक्षता में दिया गया। वंही गठवाया के वीरेंद्र सिंह ने बताया की मेरा बिल हर महीने जमा किया जाता है तब बिना कोई सूचना के मेरी लाइट बन्द कर दी गई है। गठवाया में ऐसे कई घर हैं जिनकी बिना किसी नोटिस के लाइट सप्लाई बन्द कर दी गई है।

यूनियन ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए स्मार्टमीटरों से उपभोक्ता परेशान हैं। पुराने बिलों की तुलना में 4 से 5 गुना अधिकबिल आ रहे हैं। कई उपभोक्ताओं को एक-एक घंटे के लिए 500 रुपये तक के बिल मिले हैं। स्मार्ट मीटरों के कारण बिना किसी सूचना या मैसेज के बिजली गुल हो जाती है। 2000 रुपये का रिचार्ज कराने के बाद भी बिजली केवल दो से तीन दिन ही चलती है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी मनमानी का आरोप लगाया गया। यूनियन के अनुसार, कक्षा 2, 3 और 4 की किताबें 5000 रुपये तक में मिल रही हैं। इसके अलावा, सरकारी स्कूलों में भी, जो निःशुल्क होने चाहिए, सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूली जा रही है। भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) ने मांग की है कि जिले के सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू की जाएं। कुल मिलाकर, यह ज्ञापन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा गया है।

ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

आयोजन | शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 160 शिकायतों में 25 का निस्तारण

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह और उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की।

निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया, जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग की 25 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया जा सका। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए।

फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

गेंहू खरीद की समीक्षा में नौ क्रय केंद्रों पर खराब मिली ई पॉस मशीन

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में गेहूं खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में पाया कि कुल 41 गेहूं क्रय केंद्रों में से 9 केंद्रों पर अब तक खरीद शून्य रही है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित से जानकारी चाही, जिसपर अवगत कराया गया कि ई-पास मशीनों में अंगूठा स्कैन करने तथा आई-मिलान (पहचान सत्यापन) में तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिसके कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मशीनों की मरम्मत कराने तथा आवश्यकतानुसार नई मशीनों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 68 हजार बोरे उपलब्ध कराए गए हैं तथा बोरे की खरीद हेतु पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद में कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ मंडी समिति एवं सौरिख स्थित क्रय केंद्रों पर बोरो (बारदाना) की खरीद की जा रही है। कोटेदार उक्त मंडी समिति एवं क्रय केंद्र पर बोरे बेच सकते है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित की जाए साथ ही, फार्मर रजिस्ट्री का कार्य गेहूं क्रय केंद्रों पर ही किया जा रहा है, जिससे किसानों को सुविधा मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, ज्वाइन मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर वैशाली मौजूद रहीं।

युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा

- देर रात से गायब था, सुबह मिला शव

अमृत विचार। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव भगवंतापुर निवासी सुधीर कुमार (36) पुत्र लंकुश किसी बात से नाराज था। इसी के चलते वह शुक्रवार की शाम से ही घर से कहीं चला गया। परिजन उसे खोजते रहे पर कोई पता नहीं चला। शनिवार की सुबह जब लोग घरों से निकलते तो गांव के निकट आम के पेड़ से फंदे पर शव लटका मिला। इससे लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन पहुंच गये। मामले की जानकारी ठठिया थाना पुलिस को दी गई तो वह भी पहुंची। पुलिस ने जांच पडताल करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। परिजनों के अनुसार सुधीर रात से ही घर से लापता था। सुधीर अपने पीछे पत्नी सरिता और दो पुत्र 14 वर्षीय कौशल और 12 वर्षीय इंदु को छोड़ गया। ठठिया थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सुधीर की फाइल फोटो

न्यूज ब्रीफ

कंपिल में घर से लाखों के जेवर गायब

कायमगंज। कंपिल क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि चोरी की एक वारदात सामने आई है। चोर छत के सहारे सीढ़ियों से घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवर चुरा ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह होली के बाद अपने घर के कमरे में ताला लगाकर परिवार सहित पंजाब चले गए थे। शनिवार को सुबह करीब पाँच बजे उनके भाई राजेश ने उन्हें सूचना दी कि घर का ताला खुला पड़ा है और कमरे से एक छोटा बक्सा गायब है। अनिल कुमार के अनुसार, अज्ञात चोर बक्सा चुरा ले गए, जबकि घर का अन्य सामान सुरक्षित रहा। चोरी हुए बक्से में उनकी पत्नी के कपड़े, एक अंगूठी, एक माला (जिसमें छोटा पेंडल लगा था) और एक जोड़ी पायल रखी हुई थी। शनिवार को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 305 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने जानकारी दी कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है।

ईको कार की टक्कर से वृद्ध की मौत

फर्रुखाबाद। शमशाबाद थाना क्षेत्र के प्रह्लादपुर संतोषपुर गांव में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ईको कार की टक्कर से वृद्ध राधेश्याम राजपूत (60) की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजन लोहिया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।राधेश्याम राजपूत गांव के पास अपने खेत पर झोपड़ी डालकर रहते थे। घटना के समय वह खेत के किनारे अपनी झोपड़ी के पास खड़े थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ईको कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के सदस्य टक्कर मारने वाली कार से ही राधेश्याम को लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर शमशाबाद थाना पुलिस को सूचना दी है।बुजुर्ग की मौत की पुष्टि होते ही, टक्कर मारने वाली कार का चालक अस्पताल में कार खड़ी कर फरार हो गया। परिवार के सदस्यों ने उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला।

स्मारक पर अंकित नाम संशोधन की मांग

अमृतपुर। तहसील अमृतपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर अंकित नाम में त्रुटि का मामला सामने आया, जिसे लेकर प्रार्थी आशीष ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थी आशीष निवासी अमृतपुर ने स्मारक पर दर्ज नाम को सही कराने की मांग की है। प्रार्थी के अनुसार, स्मारक पर उनके पितामह का नाम गलत अंकित है। वर्तमान में राम स्वरूप पुत्र मिश्री लाल लिखा हुआ है, जबकि सही नाम राम रूप पुत्र मिश्री लाल होना चाहिए। इस त्रुटि के कारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार को मानसिक कष्ट झेलना पड़ रहा है। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया है कि वह स्वयं नाम संशोधन का कार्य सुनिश्चित कराएं।

समाधान दिवस : 59 में महज तीन समस्याओं का निस्तारण

आफीसर्स क्लब में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुनी गयीं समस्याएं

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ़ में शनिवार को ऑफिसर क्लब में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर केवल 3 का निस्तारण किया जा सका। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 29 मामले सामने आए। पुलिस विभाग से 11, विकास विभाग से 2, और विद्युत विभाग से 4 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अतिरिक्त, अन्य विभागों से संबंधित 13 प्रार्थना पत्र भी प्राप्त हुए। मौके पर निस्तारित की गई तीन शिकायतों के अलावा, शेष सभी प्रार्थना पत्रों की जांच के निर्देश दिए गए।

आफीसर्स क्लब में जनसमस्याएं सुनते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे इन शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार शशांक सिंह, क्षेत्राधिकारी अमरपाल सिंह, सीएचसी प्रभारी प्रमित राजपूत एवं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल ने अमृतपुर तहसील में समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इस दौरान ग्राम नगला हूसा निवासी उदयवीर पुत्र जैतून ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके खेत से जबरन रास्ता निकाल दिया गया है, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अमृतपुर निवासी अमित पुत्र अवधेश ने आरोप लगाया कि खाद के गड्ढों के संबंध में लेखपाल द्वारा गलत आख्या प्रस्तुत की गई है। इसके अलावा हमीरपुर निवासी सोनी पत्नी अजय पाल ने ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की।संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से 18, पुलिस विभाग से 8, विकास विभाग से 6, विद्युत विभाग से 3, खाद्य एवं रसद विभाग से 4 तथा अन्य विभागों से 6 प्रार्थना पत्र शामिल रहे।

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सीपी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विद्यारंभ कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ, जिसके पश्चात बच्चों ने भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभारी प्रधानाचार्य श्री नवीन शाक्य ने बच्चों से ऊँ लिखवाकर उनके शैक्षिक जीवन की विधिवत शुरुआत कराई।

इस अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। एम.डी. श्रीमती ज्योत्स्ना अग्रवाल ने विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण

कार्यक्रम में ऊँ का निर्माण करते बच्चे। अमृत विचार

- बच्चों से ऊँ लिखवाकर शैक्षिक जीवन की शुरुआत कराई
- बच्चों ने भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सबका मन मोहा

शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास एवं सीखने के प्रति रुचि विकसित करते हैं। प्रभारी प्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने कहा कि शिक्षा का यह प्रथम चरण बच्चों के जीवन की मजबूत नींव है, जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अंत में प्राइमरी विंग इंचार्ज श्रीमती शिवानी दीक्षित ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईशा भदौरिया, कंचन दीक्षित, प्रिया गुप्ता, दीक्षा पाल एवं सुप्रिया का सराहनीय योगदान रहा, जबकि नेहा मिश्रा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन (एंकरिंग) किया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पत्नी लापता

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पट्टी कतरौली के प्रदीप मजदूर थे। प्रदीप की शादी करीब डेढ़ साल पहले कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र के हरमानपुर में हुई थी। प्रदीप की बहन प्रिया ने बताया कि प्रदीप और उसकी पत्नी हृदेश के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। प्रिया का आरोप है कि हृदेश झगड़े के दौरान प्रदीप को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। करीब सात महीने पहले इसी विवाद को लेकर पत्नी ने कन्नौज के महिला थाने में प्रदीप के खिलाफ फर्जी केस दर्ज कराया था। शुक्रवार की रात घर के सभी लोग रोज की तरह अपने काम खत्म करके सोने चले गए। दोनों पति-पत्नी भी सोने चले गए। हालांकि, सुबह प्रदीप के पिता कावेंद्र ने बेटे को फांसी के फंदे पर लटका देखा। घटना के बाद से ही मृतक की पत्नी हृदेश मौके से लापता है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। सूचना मिलने पर खुदागंज चौकी के दारोगा अनिल कुमार सिंह, कांस्टेबल खेमचंद और केपी सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

काली नदी से बरामद हुआ अज्ञात युवती का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जहांनगंज थाना क्षेत्र में एक युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। शुक्रवार रात उसका शव छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास सडक़ किनारे खाई में फेंक दिया गया।

कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के उधरनपुर निवासी प्रेम चतुर्वेदी को शुक्रवार रात बाइक सवारों ने शव पड़े होने की सूचना दी थी। प्रेम की सूचना पर छिबरामऊ की साईंमीर चौकी प्रभारी रामजीत तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल जहांनगंज थाने का होने के कारण वहां सूचना दी गई। इसके बाद जहांनगंज थाने के दरोगा रामबाबू, ब्रजेश और कन्हैया लाल मौके पर पहुंचे। युवती टी-शर्ट और लोअर पहने थी, जिसकी टी-शर्ट सिर से पेट तक खून से सनी थी।पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाकर फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित कराए। छिबरामऊ इंस्पेक्टर कपिल दुबे भी घटनास्थल पर पहुंचे। शव पुल के पास सडक़ से करीब 15 फीट नीचे झाडियों में पड़ा मिला था। पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल, हालत गंभीर

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कंम्पिल थाना क्षेत्र के रुदायन मार्ग पर गांव समोदिया के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव प्रेम नगर निवासी हशनवाज का 17 वर्षीय पुत्र अरमान बाइक से कस्बा भरगैन की तरफ जा रहा था।वहीं दूसरे बाइक सवार जनपद कासगंज के थाना व कस्बा ढोलना निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र सोबरन सिंह गांव बिल्सड अपनी रिश्तेदारी से कस्बा कंम्पिल से बाइक द्वारा लौट रहे थे। तभी गांव समोदिया के पास तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई ।जिसमें अरमान व धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक पर बैठा उनका 14 वर्षीय पुत्र व पुत्री इस घटना में बाल -बाल बच गए। बताया गया कि धर्मेंद्र रिश्तेदारी में दावत में आए हुए थे जहां से लौट रहे थे ।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों बाइक सवारों की हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने दोनों को बेहतर चिकित्सा के लिए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया है।

आठ दलित बेटियों की शिक्षा का खर्च वहन करेंगे सपा नेता विजय यादव

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के नेता व समाजसेवी विजय यादव ने आठ दलित समुदाय की बेटियों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लिया है। उन्होंने यह निर्णय डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लिया था।

याकूतगंज गांव में एक कार्यक्रम के दौरान विजय यादव ने कुछ बच्चियों को देखा। ग्रामीणों से जानकारी लेने पर पता चला कि उनके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ये बच्चियां आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में पढ़ती हैं। यादव ने बच्चियों से खड़े होने को कहा, जिसके बाद जाह्नवी, उन्नति, मोनिका, प्रज्ञा, रुचि, रूपती, सबीना और सुप्रिया खड़ी हुईं। इनमें कक्षा एक से लेकर कक्षा सात तक की छात्राएं शामिल थीं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चियां

दलित की बेटियां जिनकी शिक्षा विजय यादव उठाएंगे। अमृत विचार

जिस भी विद्यालय में और जितनी भी पढ़ाई करना चाहें, उसका पूरा खर्च वह वहन करेंगे। इस दौरान एक सादे कागज पर बच्चियों और उनके पिता के नाम भी दर्ज किए गए।

इस पहल से बच्चियों के अभिभावकों में खुशी है। उन्होंने बताया कि मजदूरी कर परिवार चलाने के कारण वे बच्चियों को गांव के ही स्कूलों में पढ़ा रहे थे। अब विजय यादव द्वारा पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा से उनकी चिंता दूर हो गई है। विजय यादव समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं। वह दो बार प्रधान और एक बार जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वह 2017 से 2022 तक समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

	COURSE	Eligibility	Duration
01	Diploma- Medical lab Technician (DMLT)	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
02	Diploma X-Ray Technician	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
03	Diploma Radiology Technology	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
04	M.Sc. Medical Anatomy	MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.)	3 Year
05	M.Sc. Medical Biochemistry		3 Year
06	M.Sc. Medical Microbiology		3 Year
07	M.Sc. in Medical Pharmacology		3 Year
08	M.Sc. in Medical Physiology		3 Year

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

09	Diploma in Dental Hygenist	10+2 (PCB)	2 Year
10	Diploma in Dental Mechanics	10+2 (PCB)	2 Year

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

	COURSE	Eligibility	Duration
11	D.Pharm/Diploma in Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	2 Year
12	B.Pharm/Bachelor of Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	4 Year
13	M.Pharm (Pharmaceutical Chem)	B.Pharm	2 Year
14	M.Pharm (Pharmaceutics)	B.Pharm	2 Year
15	M.Pharm (Pharmacology)	B.Pharm	2 Year
16	M.Pharm (Pharmacognosy)	B.Pharm	2 Year

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

	COURSE	Eligibility	Duration
17	Certification in Sanitation	10+2(PCB/PCM)	1 Year
18	Diploma in Medical Lab Technician (DMLT)	10+2(PCB/PCM)	4 Year
19	Diploma in X-Ray Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
20	Diploma in Dialysis Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
21	Diploma in Emergency & Trauma Care	10+2(PCB/PCM)	2 Year
22	Diploma in MRI Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
23	Diploma in Radiotherapy Technology	10+2(PCB/PCM)	2 Year
24	Bachelor of Physiotherapy (BPT)	10+2(PCB	5 Year
25	Bachelor Operation Theater Technician (BOTT)	10+2(PCB/PCM))	4 Year
26	Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)	10+2(PCB)	4 Year
27	B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS)	10+2(PCB)	4 Year
28	B.Sc. in Optometry (B. Optom)	10+2(PCB/PCM)	5 Year
29	M.Sc. in Clinical Embryology	UG (Relevant Discipline)	2 Year
30	Master of Physiotherapy (MPT)	UG (Relevant Discipline)	2 Year
31	Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS)	UG (Relevant Discipline)	2 Year

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

	COURSE	Eligibility	Duration
32	B.Sc. Nursing	10+2 (PCB)	4 Year
33	Post Basic B.Sc. Nursing	GNM	2 Year
34	Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam)	B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
35	M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
36	M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing		2 Year
37	M.Sc. Nursing in Child Health Nursing		2 Year
38	M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing		2 Year
39	M.Sc. Nursing in Community Health Nursing		2 Year
40	GNM	10+2 with English	3 Year
41	ANM	10+2	2 Year

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

42	BBA	10+2 in any Stream	3 Year
43	BBA (H) Finance & Taxation	10+2 in any Stream	4 Year
44	BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics	10+2 in any Stream	4 Year
45	B. Com (Honors)	10+2 in any Stream	4 Year
46	BCA	10+2 in any Stream	3 Year
47	BCA (H) Information Technology & Multimedia	10+2 in any Stream	4 Year
48	BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science	10+2 in any Stream	4 Year
49	BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear.	10+2 in any Stream	4 Year
50	BA (Journalism/Mass Communication)	10+2 in any Stream	4 Year
51	BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication	10+2 in any Stream	4 Year
52	BMM (H) Bachelor of Mass Media	10+2 in any Stream	4 Year
53	MJMC Master of Journalism & Mass Comm.	UG Any Stream	2 Year
54	MHA (Master in Hospital Administration)	UG Any Stream	2 Year
55	MPH (Master in Public Health)	UG Any Stream	2 Year
56	MBA	UG Any Stream	2 Year
57	MCA	UG Any Stream	3 Year
58	M. Com	UG Any Stream	2 Year
59	MA (Political Science)	UG Any Stream	2 Year
60	MA (Journalism)	UG Any Stream	2 Year
61	MA (Mass Communication)	UG Any Stream	2 Year
62	MA (English)	UG Any Stream	2 Year
63	MA (Psychology)	UG Any Stream	2 Year
64	MA (Sociology)	UG Any Stream	2 Year

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

65	B.Sc. Forensic Sciences	10+2 (PCM/PCB)	3 Year
66	M.Sc Forensic Science	UG (Relevant Discipline)	2 Year

FACULTY OF FINE ARTS

67	Certificate in Photography	10 Pass	1 Year
68	Certificate in Cinematography	10 Pass	1 Year
69	Diploma in Cinematography (DIC)	10 Pass	2 Year
70	Diploma in Photography (DIP)	10 Pass	2 Year
71	Bachelor of Fine Arts (Film Making)	10+2 in any Stream	4 Year
72	Bachelor of Fine Arts (Photography)	10+2 in any Stream	4 Year
73	Master of Fine Arts (Photography)	UG Fine Arts	2 Year

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

न्यूज ब्रीफ



किल्लमपुर में निकला अजगर।

खेत में निकला 15 फीट लंबा अजगर

अछल्दा। विकास खंड क्षेत्र के गांव इटैली के मजरा किल्लमपुर में शुक्रवार रात करीब 9 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब गेहूं की कटाई के दौरान खेत में एक विशाल अजगर निकल आया। किसान सर्वेश यादव अपने बच्चों के साथ खेत में गेहूं काट रहे थे, तभी अचानक उनके सामने करीब 15 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखते ही किसान और उसके बच्चे घबरा गए और शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने तुरंत इटैली चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को घटना की जानकारी दी। वन रक्षक गौरव मिश्रा की टीम ने मौके पर पहुंचकर देर रात अजगर का सफल रेस्क्यू किया। इसके बाद शनिवार सुबह उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 14 का चालान, डंपर सीज

बेला। जनपद में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग की गई। चेकिंग अभियान के दौरान कुल 14 ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया, जिन पर कुल 40,000 का शमन शुल्क वसूला गया। इसी दौरान एक डंपर को अत्यधिक ओवरलोड पाए जाने पर खनन अधिकारी औरैया द्वारा सीज कर दिया गया। जांच में डंपर में करीब 93 टन मौरम लदी पाई गई, जो निर्धारित मानक से कहीं अधिक थी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि ओवरलोडिंग के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शांति भंग की आशंका में तीन लोग गिरफ्तार

कुदरकोट। कुदरकोट थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी बिधूना के पर्यवेक्षण में थाना कुदरकोट पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गंगासागर व उपनिरीक्षक शिशुपाल सिंह ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान ग्राम रामपुर खास व किरकिचियापुर में विवाद की सूचना पर पहुंचकर कार्रवाई की। यहां आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में झगड़े की स्थिति बनी हुई थी, जिससे शांति भंग होने की आशंका थी। पुलिस ने मौके से भाऊप्रकाश (52) निवासी रामपुर, देवेन्द्र कुमार (42) व सतीस कुमार (22) निवासी किरकिचियापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट बिधूना के समक्ष प्रस्तुत किया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

मौके पर जाकर निस्तारित करें समस्या, नहीं बरतें लापरवाही

बिधूना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता, बिधूना

अमृत विचार। शनिवार को जनपद की अजीतमल, औरैया बिधूना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

शासन की मंशा के अनुरूप समस्त अधिकारी प्रतिदिन अपने-अपने कार्यालय में 10 बजे से 12 बजे तक बैठकर आमजन की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुने और यथा संभव उनका निस्तारण शीघ्रता से कराये, जिससे आमजन को व्यर्थ में दौड़ना न पड़े और अनावश्यक धनहानि न हो। उक्त निर्देश जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने तहसील बिधूना सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल, तहसील दिवस के दौरान प्राप्त आवेदनों में आवेदक से वार्ता कर उनकी समस्या को सुनें और अवश्यकता के अनुसार स्थलीय निरीक्षण भी करें, ताकि निराकरण से आवेदक संतुष्ट हो। इस दौरान 187 विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 13 आवेदन पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम-एसपी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थिनी नन्ही देवी पत्नी रविन्द्र कुमार निवासी पुर्वा विशन ने भूमि संबंधी शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिधूना को निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण को मिशन समाधान में संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पीड़ित कमलेश चन्द्र सविता पुत्र रामचरन निवासी पुर्वा खगन हरवंशपुर ने नाली संबंधी शिकायत की। शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह निवासी बसई ने भूमि संबंधी शिकायत की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिधूना अरसला नाज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सीपी सिंह, तहसीलदार बिधूना, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

एसीपी वेतनमान एक सप्ताह में स्वीकृत कराने की मांग

औरैया। माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों कर्मचारियों के शासन की मंशा के अनुरूप चयन वेतनमान, एसीपी वेतनमान जनवरी एवं जुलाई महीने में स्वीकृत किए जाने चाहिए लेकिन कार्यालय द्वारा तीन महीने बीत जाने के बाद भी चयन वेतनमान एसीपी वेतनमान स्वीकृत नहीं किए गए हैं। जिससे शिक्षक कर्मचारियों में रोष है।

शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक से शिक्षक कर्मचारियों के चयन वेतनमान, एसीपी वेतनमान एक सप्ताह में स्वीकृत किए जाने की मांग की। मांग नहीं मानी गई तो महासंघ विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। इस मौके पर उत्तम कुमार शुक्ला प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव राधा रमण तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिंह यादव मंडल मंत्री उमेश कुमार त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष पुष्पक शुक्ला, सुनील कुमार राठौर जिला मंत्री आदि शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

हादसे के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शनिवार को एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना अछल्दा स्टेशन के पश्चिमी छोर पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास डाउन लाइन की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 11:35 बजे रेलवे कर्मचारी बैगन टावर पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें किलोमीटर संख्या 1119/28 के पास ट्रैक किनारे एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी।

सूचना मिलते ही आरपीएफ और सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। आरपीएफ के मुनेश कुमार व जितेंद्र कुमार तथा सिविल पुलिस के विनोद कुमार व नीतू सिंह ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन युवक की पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। युवक की उम्र करीब 26 वर्ष बताई जा रही है। वह नीली-सफेद चेक शर्ट और काला जींस पैंट पहने हुए था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

किसान की ट्रेन से कटकर मौत

फफूंद, औरैया। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर आशा पूर्वा गांव के पास रेलवे लाइन क्रास करके खेतों पर फसल काटने जा रहे किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। थाना क्षेत्र के गांव आशा का पूर्वा निवासी (50) वीरेंद्र सिंह खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार की सुबह 11 बजे घर से खेतों पर खड़ी गेहूं की फसल को काटने के लिए निकले थे, दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग क्रास करते समय डीएफसी डाउन लाइन पर खंबा नंबर 580/21 व 20 के बीच गांव के सामने ट्रेन नंबर 43708 से टकरा गए जिससे उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

विजयपाल बने बिधूना बार एसो. के अध्यक्ष

बिधूना, औरैया। सिविल बार एसोसिएशन बिधूना के सम्पन्न हुए चुनाव में विजयपाल शाक्य को 31 मत प्राप्त हुए। जबकि जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनुज कुमार धनगर को 25 मत प्राप्त हुए। विजय पाल शाक्य को एलडर्स कमेटी ने 6 मतो से विजयी घोषित कर दिया। महामंत्री पद पर फिरोज अहमद को 35 वोट मिले जबकि दिलीप कुमार को 29 वोर मिले। फिरोज अहमद को 6 मतों से विजयी घोषित किया गया। बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह राठौर को निविरोध निर्वाचित घोषित किया गया। संयुक्त मंत्री पद पर अवनीश कुमार जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार सिंह चौहान को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अवनीय कुमार व स्वाती शाक्या को वरिष्ठ सदस्य निविरोध निर्वाचित घोषित किया गया।कामिनी चौहान को कनिष्ठ सदस्य के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रशांत सिंह सेंगर को मीडिया प्रभारी के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। एलडर्स कमेटी ने सभी परिणामों की घोषणा के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। सिविल बार एसो के अधिवक्ताओं ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया।

चुनाव में मिली जीत के बाद विजयपाल शाक्य का स्वागत करते अधिवक्ता।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

दी बिग लीप में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

औरैया। शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में ग्रेजुएशन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दी बिग लीप हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यूकेजी के विद्यार्थियों को मेडल्स प्रदान कर उत्सव मनाया गया। नृत्य, संगीत एवं अन्य गतिविधियों से सुसज्जित प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी सिंह एवं संस्थापक प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता के साथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य टीपी सिंह, मनीष गुप्ता, प्रधानाचार्य अंजनी कुमार रहे।

आग से 7 बीघा का भूसा जला

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छछुंद के मजरा गौतला में शनिवार सुबह करीब 11 बजे गेहूं की कटाई के बाद खेत में बचे अवशेष में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही खेतों में अफरा-तफरी मच गई। बताया कि जैसीराम पुत्र उजागर के लगभग 5 बीघा और वीरेंद्र सिंह पुत्र सुल्तान सिंह के करीब 2 बीघा खेत में गेहूं कटने के बाद बचा भूसा जलकर राख हो गया। किसान सत्यवीर सिंह ने खेत में आग लगती देख तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के खेतों में फैलने से आग को रोका जा सका।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

ऑरेंज-डे पर झलका उत्साह

औरैया। कस्बा स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में ऑरेंज-डे मनाया गया। इस अवसर पर नारंगी रंग के कपड़े पहने नन्हे-मुन्ने बच्चे गर्मी और खुशी बिखेर रहे थे, जिसमें लाल रंग की शारीरिक ऊर्जा और उत्तेजना के साथ पीले रंग की प्रसन्नता का मिश्रण था।

प्री-प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने ऑरेंज डे मनाया। बच्चों को सावधानीपूर्वक आयोजित ड्राइंग और शिल्प गतिविधियों के माध्यम से उनकी कल्पना और रचनात्मकता का पता लगाने में मदद करने के लिए एक गतिशील और उत्तेजक शिक्षण वातावरण बनाया गया था। बच्चों ने दृश्य संकेतों और शब्दों के बीच संज्ञानात्मक संबंध बनाना सीखा। इस गतिविधि से नन्हें बच्चों में नारंगी रंग की अवधारणा को सुदृढ़ करने तथा दृश्य संकेतों और शब्दों के बीच संज्ञानात्मक संबंध बनाने में मदद मिली।कक्षा एलकेजी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक कागज के कद्दू बनाने में भाग लिया, जबकि कक्षा पीजी के मासूम नवोदित बच्चे रंग भरने की गतिविधियों में व्यस्त थे। कुछ छात्रों ने अपने साथ लाई गई वस्तुओं के बारे में बताया। जीवंत और खुशमिजाज किंडरगार्टन के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों ने रसना पार्टी का भरपूर आनंद लिया और नारंगी रंग के कपड़े पहने छोटे बच्चों को ऊर्जा और आकर्षण से भरपूर देखना वाकई खुशी की बात थी।

एकजुटता से ही राजनीति में भागीदारी व समाज को सम्मान

औरैया। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक नरायनपुर में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन्त गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद व अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पुरवार मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि एकजुटता से ही राजनीति में भागीदारी व समाज को सम्मान मिलेगा। उन्होंने शादी समारोहों में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि अनूप गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष-औरैया को विपिन कुमार पोरवाल (बंटू) व जिला महामंत्री नरेश चंद्र शिवहरे को जनपद व नगर पुरुष व महिला कमेटियों के गठन हेतु आवश्यक निर्देश दिए, परिषद के जिला प्रभारी आनन्द नाथ गुप्ता भी रहे।

कार्यक्रम | अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने बैठक कर तय की रणनीति

धूमधाम से मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता,औरैया/बिधूना

अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि 19 अप्रैल को आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी पूरी कर दी गई हैं। बताया कि रविवार दोपहर 3 से भूतेश्वर धाम तिलक नगर से शोभायात्रा शुरू की जाएगी। इसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर अभिनव मिश्रा, सतेंद्र शुक्ला, देवेंद्र पांडे, पंकज मिश्रा, अंकित चतुर्वेदी शनि आदि मौजूद रहे।

वहीं, बिधूना में कस्बा बिधूना में जय ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं समाज के युवाओं को संस्कार युक्त शिक्षा परचर्चा की जाएगी।

शनिवार शाम को जय ब्राह्मण सेवा समिति ने परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष कौशल किशोर शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को कस्बे के रामलीला मैदान बिधूना के एक मेमोरियल इंटर नेशनल प्राथमिक विद्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों के अलावा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कौशल किशोर शुक्ल के अलावा रविंद्र मिश्रा, अवधेश द्विवेदी, विनय तिवारी, छुन्नू तिवारी, पंकज द्विवेदी, धीरू दुबे आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

औरैया की एक लाज में प्रेसवार्ता करते पदाधिकारी। बिधूना में जानकारी देते संगठन के पदाधिकारी।

न्यूज ब्रीफ

सांसद के खिलाफ खबर चलाना पत्रकार को पड़ा मंहगा

इटावा। सांसद के खिलाफ बिना मानक के हाई मास्क लाइट लगाने की खबर चलाना पत्रकार को मंहगा पड़ गया। सांसद के चालक ने इस सम्बंध में फ्रेंड्स कालोनी में तहरीर दी। पुलिस ने बिना किसी जांच के पत्रकार को बुलाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पत्रकार असित यादव ने कुछ दिन पूर्व सांसद द्वारा बिना मानक के हाई मास्क लाइटें लगाने की खबर चलाई थी। इससे सांसद नाराज हो गए। सांसद के चालक ने इस सम्बंध में फ्रेंड्स कालोनी थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बिना किसी जांच के शनिवार को असित यादव को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना को लेकर पत्रकारों में काफी रोष व्यापत है। बाद में पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

भगवान परशुराम शोभायात्रा में पहुंचेंगे सैंकड़ों लोग

भरथना। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इटावा में आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर ब्राह्मण समाज में उत्साह का माहौल है। ब्राह्मण समाज महासभा भरथना इकाई के अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर भरथना क्षेत्र से सैकड़ों ब्राह्मण जन शोभायात्रा में शामिल होने के लिए कूच करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं को इटावा ले जाने के लिए पांच बसों सहित अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन में भाग ले सकें।

कार की टक्कर से आटो सवार चाचा भतीजा घायल

बसरेहर। चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा बरेली हाईवे मार्ग पर चौपला के पास इटावा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने किशनी की तरफ से आ रहे आटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में आटो में सवार चाचा व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मैनपुरी जिला निवासी बृजेन्द्र अपने भतीजे सूर्यांश के साथ आटो से इटावा मंडी आ रहे थे तभी कार ने आटो में टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। डाक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया।

फसल नहीं काटने दे रहे दबंग

इटावा। थाना सिविल लाइन के ग्राम झबरापुरा निवासी सुनीता ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसी के गांव में रहने वाले दबंग लोग उससे रंजिश मानते हैं। इससे पहले भी उक्त लोग उसके साथ मारपीट कर चुके है। जिसका मामला दर्ज कराया गया था। उस मामले की पैरवी के लिए वह छह अप्रैल को कचहरी आ रही थी तभी रास्ते में उक्त दबंगों ने घेरकर धारदार हथियारों से मारपीट की। राजीनामा न करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है और फसल भी नही काटने दे रहे।

युवक ने किया फांसी लगाने का प्रयास

इटावा। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माखनपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। राजेन्द्र सिंह निवासी माखनपुर चौबिया ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाने का प्रयास किया। परिजनों ने गम्भीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल से पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया।

डीएम और एसएसपी की मौजूदगी में मात्र दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 23 शिकायतें

संवाददाता जसवतंनगर इटावा

अमृत विचार । जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 23 शिकायते आई जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायत कर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। तहसील जसवंतनगर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक विद्युत विभाग व स्वच्छ पेयजल से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम और एसएसपी। अमृत विचार

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या से पीडित व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का आदेश

इटावा। सिविल जज सीनियर डिवीजन शहनाज अंसारी ने एक महिला के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज करने के आदेश लवेदी पुलिस को दिए है। वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष चतुर्वेदी अंशू ने बताया कि टकरूपुरा निवासी माधुरी ने आरोप लगाया था कि उसने 22 नवम्बर को एक जमीन का बैनामा कराया था। लेकिन उसका दाखिल खारिज नहीं हो सका। तभी दाउद पुरा गांव निवासी आशादेवी पत्नी रवीद्र, मीरा देवी पत्नी द्विजेंद्र, अभिजीत पुत्र द्विजेंद्र, आनंद पुत्र सोने लाल, व आशुतोष ने घोखाधड़ी कर उसकी जमीन का बैनामा तीन मार्च 2021 को दूसरे के नाम कर दिया। इस मामले की पैरवी आशीष चतुर्वेदी के द्वारा की गई। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने इस मामले में लवेदी पुलिस को पांचों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए है।

इनफिनिटी लर्न ओलंपियाड का हुआ आयोजन

परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को इनफिनिटी लर्न जीनियस ओलंपियाड का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा-वार आयोजित इस परीक्षा में लगभग 800 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

यह ओलंपियाड विशेष रूप से कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने कहा, "इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ विषयों की गहराई से समझ विकसित करती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार तोमर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे विद्यार्थियों ने अत्यंत अनुशासन और उत्साह के साथ इस परीक्षा में भाग लिया। ऐसे आयोजन उन्हें भविष्य की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं तथा उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाते हैं।

गौशालाओं की हो आनलाइन मानीटरिंग

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने चकरनगर में बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर फैमिली आईडी के कामकाज की स्थिति को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य के लिए नियमित रूप से एक कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, ताकि फैमिली आईडी बनती रहे।

उन्होंने कार्यालय के प्रवेश द्वार पर सूचना बोर्ड लगाने और सुंदरीकरण कराने के लिए भी कहा। इसके साथ ही रोजगार सेवकों से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महिला मेट की उपस्थिति के निर्देश दिए। गौशालाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी लगए जाएं, यह व्यवस्था सभी गौशालाओं में लागू की जाए। उन्होंने आईजीआरएस की शिकायत पत्रिका के संतोषजनक नहीं पाए जाने पर 7 दिन में जांच और निस्तारण किए जाने के निर्देश भी दिए। यह भी कहा की जन्म प्रमाण पत्र 7 दिन के अंदर जारी कर दिए जाएं। सामुदायिक शौचालय की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त रखने के लिए कहा। यहां पानी की व्यवस्था न होने पर नाराजगी भी जताई। इससे पहले सीडीओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनी और इन शिकायतों का निस्तारण किया।

सहज अध्ययन केंद्र में दिव्यांग बच्चे से बात करते सीडीओ। अमृत विचार

सहज अध्ययन केंद्र का किया शुभारंभ : इटावा। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड चकरनगर के बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए गए अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया। इस अध्ययन केंद्र की स्थापना का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समावेशी और सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिला मुख्यालय पर 24 जुलाई 2025 को इस तरह का पहला अध्ययन केंद्र बनाया गया था। इसके बाद से कई अन्य स्थानों पर सहज अध्ययन केंद्र बनाए गए हैं।

इस मौके पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने सहज अध्ययन केंद्र के बारे में जानकारी दी। सीडीओ ने यहां आए बच्चों के साथ भी बातचीत की।

डिप्टी सीएमओ ने किया महिला कक्ष का शुभारम्भ

महेवा। स्थानीय सीएचसी में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा महिला कक्ष का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार सीएचसी महेवा पर शनिवार को औचक निरीक्षण हेतु पहुंचे डिप्टी सीएमओ इटावा डॉ यतेंद्र राजपूत ने सीएचसी में महिला कक्ष का शुभारंभ किया। यहां पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंकिता वर्मा द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना जाएगा व परामर्श दिया जाएगा। इसी कक्ष में उनकी दवाएं, जांच आदि की सुविधा भी होगी। अधीक्षक डॉ अभिषेक वर्मा, डॉ राघव गुप्ता, डॉ नीरज पाल, आयुष चिकित्सक डॉ अनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

अवैध खनन में प्रयुक्त 8 वाहन सीज

संवाददाता बकेवर इटावा

अमृत विचार । थाना बकेवर पुलिस ने राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग, बिना वैध प्रपत्र, परमिट के संचालन एवं बिना नम्बर प्लेट, कालिख लगी नम्बर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर 8 डंपरों व ट्रकों को सीज किया। संयुक्त टीम के द्वारा चलाए गए अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

जिले में अवैध खनन, परिवहन वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें एएसपी के नेतृत्व में परिवहन विभाग, खनन विभाग की संयुक्त टीमा ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग में प्रयुक्त वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 8 डंपरों व ट्रकों को चेक किया गया। चेकिंग अभियान में कई वाहनों के पास सही प्रपत्र नही मिले तो किसी वाहन के नंबर प्लेट पर कालिख लगी मिला तो किसी में नंबर प्लेट हीं नही थी। पुलिस ने ऐसे वाहनों को सीज कर दिया। इस अभियान से वाहन चालकों में हडकंप मचा रहा। थाना पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि बिना वैध प्रपत्र/परमिट के वाहन संचालन न करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

डंपरों व ट्रकों के विरुद्ध कार्यवाही करती पुलिस। अमृत विचार

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

संवाददाता महेवा इटावा

अमृत विचार । महेवा के नवनिर्मित सूर्य मंदिर में चल रही श्रीभागवत कथा के पंचम दिवस प्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्चा धनवान वही है जो सेवा और भक्ति करता है। भागवत कथा के पंचम दिवस में पूर्ण चरित्र सहित, कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान किया।

विदुषी शालिनी पांडेय ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। श्री कृष्ण ने सभी ब्रजवासियों के साथ गोवर्धन की पूजा करवाई वहीं कथा के परिक्षित सोहिनी पांडेय, परीक्षित ओमनारायण पांडेय सहित व्यवस्थापक बृज राज पांडेय गिरिराज का छप्पन भोग लगा कर पूजन किया।

कथा कहतीं कथावाचक शालिनी पांडे।

सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत वृन्दावन धाम कुनैरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गौरव पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी अशोक नगर बाबरपुर औरैया व सोनम पुत्री सुनील शर्मा निवासी अराव रोड सिरसागंज फीरोजाबाद घायल हो गए। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से संगीता पत्नी विनोद कुमार निवासी मड़ैया करीलगढ़ पछायगांव घायल हो गई। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत बिजौली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से राम नारायण पुत्र बलदेव प्रसाद व रिया पुत्री विमलेश निवासी गुलाबपुरा बकेवर घायल हो गए।

अग्निकांड | दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

आग से पचास बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता बसरेहर इटावा

अमृत विचार । चौबिया थाना क्षेत्र के गांव टिसुआ देव में शनिवार की दोपहर में अचानक किसानों की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम जब तक आग पर काबू पाते तब तक करीब पचास बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर किसानों की गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग जाने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। वहीं किसान रविंद्र उर्फ पिंकी निवासी टिसूआदेव विनीश कुमार निवासी टिसूआदेव के गेहूं के खेतों में आग लग जाने से उनकी फसल जलकर राख हो गई। वहीं पास के गांव के खेत उमेश चंद्र, नेहरू, कमलेश बाबू, अरविंद कुमार टीटू उर्फ राजीव यादव के खेतों में आग इतनी तेज आग लगी की देखते ही देखते गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। वहीं इसकी सूचना किसान नेता बृजेश यादव ने तत्काल सदर तहसीलदार व सैफई सीओ को दी। वहीं अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं पास में ही वन विभाग के बबूल के पेड़ों में भी आग लग गई। यहां भी दमकल गाड़ियों द्वारा आग को बुझाया गया। इसके चलते पास के अन्य खेतों में नुकसान बच गया। किसान नेता बृजेश यादव पूर्व प्रधान अशोक यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया, भाजपा जिला मंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा अगिन कांड में हुए नुकसान का मुआवजा आप लोगों को जल्द ही दिलाया जाएगा।

जली फसल के पास खड़े पीड़ित किसान। अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

अधेड़ ने जहर खाया गंभीर हालत में रेफर

कुरारा। कस्बे में 45 वर्षीय अधेड़ ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा निवासी बच्चू (45) पुत्र रमेश ने शनिवार को सुबह करीब 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

भूसा डालने को लेकर भाइयों में हुई मारपीट

बिवांर। घर के अंदर भूसा डालने को लेकर दो भाइयों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। सूचना पर आई पुलिस दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर थाना ले आई है। थानाक्षेत्र के भरखरी गांव निवासी राम दुलारे पुत्र भूरा यादव अपने भाई संतराम के शामिल मकान में लाकर सुबह भूसा डाल रहा था। घर के बिना बटवारा के भूसा डालने पर संतराम के रोकने पर न मानकर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दोनों भाइयों ने एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। पड़ोसियों ने बीच बचाव किया, दोनों भाई एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देने लगे। संतराम ने यूपी 112 नंबर में फोन किए जाने से आई पुलिस दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर थाना ले आई है। एसआई अंकित बैसला ने दोनों भाइयों के खिलाफ कार्रवाई कर चालान कर दिया है।

किसान को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

मौदहा। खेत में काम कर रहे एक किसान को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महोबा जनपद के ग्राम खन्ना निवासी रामबालक (65) शनिवार सुबह अपने खेत में गेहूं कटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक खेत में छिपे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद रामबालक किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। थोड़ी ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल निजी वाहन से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

चचिया ससुर और पड़ोसी पर रिपोर्ट

बिवांर। टंकी चोरी करने के शक में चचेरे ससुर ने महिला के साथ मारपीट की। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। महिला ने चचेरे ससुर सहित युवक के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के खड़ेहीजार गांव निवासी रोशनी देवी पत्नी छोटे लाल यादव ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चचिया ससुर जयकरण टंकी के चोरी कर लेने की शक जाहिर करते हुए अभद्रता करने लगा। ना करने पर मारपीट करते हुए पेट में लात मार दी। साथ ही दांत से हाथ में दो जगह काट लिया और गला दबाते हुए जान से मारने की कोशिश की। वहीं पड़ोसी मोहित पुत्र राकेश ने आकर महिला के साथ अश्लील हरकत की। पड़ोसियों व पति ने बीच बचाव किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चचिया ससुर व युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुण्यतिथि पर तात्या टोपे को श्रद्धांजलि

सुमेरपुर। वर्णिता संस्था की ओर से कुशल रणनीतिकार तात्या टोपे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कहा कि तात्या टोपे देश के सच्चे हमदर्द थे। उनकी सोच थी कि देश आजाद हो। 1957 के समर में महान सूरमा थे। इनका जन्म 16 फरवरी 1814 को नासिक महाराष्ट्र के येवला गांव में पांडुरंग त्र्यंबकं भट्ट और रुक्मणी बाई के घर हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वह रानी लक्ष्मीबाई के प्रमुख सहायक थे। यदि विश्वासघाती मानसिंह दगा नहीं देता तो पकड़े न जाते। उन्हें शिवपुरी मध्य प्रदेश में 18 अप्रैल 1859 को फांसी दे दी गई। गोष्ठी में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, रामबाबू, बाबूलाल, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

शनिवार को स्मार्ट मीटर लेकर पुलिस लाइन के पास सड़क पर प्रदर्शन करतीं कांशीराम कॉलोनी की महिलाएं। अमृत विचार

मौदहा तहसील में भी समाधान दिवस के दौरान स्मार्ट मीटर का विरोध जताते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया। अमृत विचार

प्रीपेड मीटर के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा

बिजली बिल अधिक आने का सड़कों पर उतरकर किया विरोध, तहसील में अधिकारियों के सामने तोड़े स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- हमीरपुर और मौदहा में समाधान दिवस के मौके पर हुआ प्रदर्शन
- जल्द समाधान नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने का ऐलान

अमृत विचार। प्रीपेड स्मार्ट व बढ़े बिलों को लेकर नगर के कांशीराम कालोनी के लोगों ने स्मार्ट मीटर को उखाड़कर जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतर आए। स्मार्ट मीटर को डंडे में टागकर भीड़ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंची। जहां स्मार्ट मीटर को अधिकारियों के सामने जमीन में पटक कर डंडों से मार-मारकर चकनाचूर कर दिया। वहीं मुख्य मार्ग पर भी कुछ देर तक लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे वैसे स्मार्ट मीटर को लेकर जनाक्रोश बढ़ रहा है। अग्रिम भुगतान करने के पर ही लोगों के घरों में बिजली की सप्लाई हो रही है। जैसे ही बैलेंस माइनस में चला जाता है, बिजली कट जाती है। इस समस्या ने लोगों को बुरी तरह परेशान कर रखा है। शनिवार को दिन में कांशीराम कालोनी के सैकड़ों उपभोक्ता स्मार्ट मीटर उखाड़ कर सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंच गए। जहां आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों के सामने स्मार्ट मीटरों को डंडों से मार मारकर चकनाचूर करने लगे। किसी तरह बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और उनकी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।

तहसील में अधिकारियों के सामने स्मार्ट मीटर तोड़तीं महिलाएं। अमृत विचार

मौदहा संवाद के अनुसार तहसील में प्रीपेड बिजली मीटरों और बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में एक सैकड़ा से अधिक महिला व पुरुष उपभोक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। गुस्साए उपभोक्ता तहसील दिवस में एकत्र हुए और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिस पर तत्काल उपजिलाधिकारी ने आक्रोशित उपभोक्ताओं को शांत कराते हुए मामले को संज्ञान में लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। भीम आर्मी के संदीप बाल्मीकि, कांग्रेस के सलीम मजदूर, शावेज़ खान, बसपा से सभासद अतीक उर रहमान, सपा से रमजानी सभासद, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष याकूब गड्डी, एआईएमआईएम के नियामत उल्ला सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने दो दर्जन महिलाओं का आरोप है कि नए प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जबकि ग़रीब उपभोक्ता अंधेरे में जिंदगी गुजारने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग में पारदर्शिता नहीं है। उपभोक्ताओं को खपत से अधिक बिल थमाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि प्रीपेड मीटरों की जांच कराई जाए और बढ़े हुए बिलों को तत्काल संशोधित किया जाए। पुराने मीटरों की व्यवस्था बहाल करने की भी मांग उठाई गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को विभाग तक पहुंचाकर समाधान कराया जाएगा।

संतान नहीं होने के तानों पर महिला ने जहर खा दी जान

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के रौरो गांव में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में जहरीले पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली। आरोप है कि गांव के लोगों की ओर से महिला को उसके निःसंतान होने पर ताने मारे जाते थे, जिससे आहत होकर उसने मौत को गले लगा लिया। घटना की जानकारी लगते ही महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के रौरो गांव के रहने वाले लक्ष्मी पाल की पत्नी रामकली (55) ने शनिवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। परिवार के लोग फौरन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां नाजुक होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पति लक्ष्मीपाल ने बताया कि उसकी पत्नी को कोई संतान नहीं है। जिस वजह से पड़ोस में रहने वाले उसकी पत्नी को आए दिन ताने मारते थे। पड़ोसी उसकी पत्नी रामकली से कहते थे कि तुम किसी लायक नहीं हो, जब तुम्हारे बच्चें नहीं हैं तो तुम जिंदा क्यों हो, तुम्हें तो जहर खा कर मर जाना चाहिए। तुम तो जिंदा रहने के नाम पर कलंक हो। इन्हीं बातों से परेशान होकर उसकी पत्नी रामकली ने जहर खा लिया। कोतवाल ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

किशोरी का अपहरण, गैंगरेप का आरोप, एक पकड़ा गया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पुलिस ने अपहरण का दर्ज किया केस, मुख्यमंत्री तक शिकायत

अमृत विचार। चार दिन पहले साइकिल से खेत जा रही किशोरी को गांव के दो युवकों ने बाइक से अपहरण कर लिया। पुलिस ने आधी रात में ही किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। परिजन अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगा रहे हैं। इस बीच पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता ने मुख्यमंत्री सहित अधिकारियों को भेजे गए पत्र में बताया कि 14 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ फसल की कतराई करवा रहे थे। उनकी नाबालिग पुत्री साइकिल से खेत आ रही थी, तभी रास्ते में जगदीश उर्फ मिक्की और सुनील ने बाइक से उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। घटना को गांव के लोगों ने देखा, लेकिन बाइक सवार बेटी को लेकर भाग गए। उसने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने आरोपियों पर दबाव बनाते हुए देर रात उसकी पुत्री को बरामद कर लिया। इसके बाद भी पुलिस ने न तो पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की और न ही उसकी पुत्री का मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री सहित अधिकारियों को पंजीकृत डाक से पत्र भेजकर मामले में मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि इस मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी को सकुशल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बाइक फिसलने से युवक घायल

कुरारा। डामर-सरसई मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कदौरा के बड़ागांव निवासी गगन कुमार (25) शनिवार साढ़े 3 बजे क्षेत्र के डामर-सरसई मार्ग पर बाइक से आ रहा था, तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें सवार गगन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फ़ानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

सीवर की बदबू से महिलाएं परेशान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- कांशीराम कॉलोनी की महिलाओं ने एकजुट होकर उठाई आवाज
- सीवर टैंक खुले होने से हादसे की जताई आशंका, लोगों में आक्रोश

अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जहां सरकार साफ-सफाई को लेकर लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कस्बे की कांशीराम कॉलोनी, छिमौली रोड में खुले सीवर टैंक लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। टैंक के ढक्कन खुले होने से आसपास गंदगी व बदबू फैल रही है, साथ ही जानवरों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है।

समस्या से परेशान कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए समाधान की मांग उठाई है। भारतीय जनता पार्टी की बूथ अध्यक्ष नाजरा खान के नेतृत्व में एक दर्जन महिला-पुरुष नगर पालिका पहुंचे और चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा।

नगर पालिका चेयरमैन को ज्ञापन देतीं कांशीराम कालोनी ही महिलाएं। अमृत विचार

उन्होंने कॉलोनी में फैली गंदगी और खुले सीवर टैंक को जल्द ठीक कराने की मांग की। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है और शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

गोदभराई के बाद लड़के वालों का शादी से इंकार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे में एक युवती ने युवक और उसकी मां पर गोद भराई के बाद शादी से इनकार करने का आरोप लगाते हुए सीओ को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। युवती का कहना है कि युवक और उसकी मां दहेज के रूप में 2 लाख रुपये, एक बाइक और दो तोला सोने की जंजीर की मांग कर रहे हैं। यह मांग पूरी न होने पर उन्होंने विवाह करने से मना कर दिया है।

कस्बे के सिकंदरपुरा निवासी शिखा पुत्री सतीश चंद्र ने बताया कि उसका वैवाहिक संबंध दतिया जनपद के भांडेर निवासी आशुतोष उर्फ आशीष के साथ तय हुआ था। उसके माता पिता ने लड़के वालों को रुपए देकर रिश्ता पक्का कर दिया था और लड़के व उसके परिवार के सदस्यों के पैर भी छुए थे। शिखा के अनुसार इसके बाद लड़के और उसके परिवार वालों ने उसकी गोद भराई का कार्यक्रम भी किया। मोबाइल फोन के माध्यम से उसकी लड़के के साथ लगातार बातचीत भी होती रही। अब युवक और उसका परिवार शादी से इनकार कर रहा है और 2 लाख रुपये, एक बाइक तथा दो तोला सोने की जंजीर की मांग कर रहा है। यह मांग पूरी न होने पर उन्होंने विवाह करने से साफ मना कर दिया है।

आग से अटारी में भरा भूसा जला

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

अमृत विचार। नलकूप के लिए पड़ी केबिल में शार्ट सर्किट होने से लगी आग अटारी में भरा भूसा जल कर राख हो गया।

थानाक्षेत्र के उमरी गांव में सुबह करीब आठ बजे गांव के छोटेलाल यादव पुत्र रघुनाथ यादव के निजी नलकूप के लिए पड़ी केबिल में अचानक शार्ट सर्किट हो गया। जिससे निकली चिंगारी नीचे पड़े तिरपाल पर गिर गई है। जिससे तिरपाल धू धूकर जलने लगा और धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर अटारी को अपने आगोश में ले लिया है। आग देख कर ग्रामीणों व गृहस्वामी ने ट्रैक्टर में लगे स्प्रे मशीन से पानी डालकर आग में काबू पाया। तब तक आग से अटारी में भरा करीब पन्द्रह कुंतल भूसा राख हो गया। गृहस्वामी ने बताया कि करीब 25000 रुपये के नुकसान होने का अनुमान है।

उमरी गांव में भूसे की आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

सिसोलर में आठ बीघे की गेहूं की पराली जली

- **मौदहा।** तहसील क्षेत्र के सिसोलर में रज्जन सिंह व राम विशाल के खेतों में गेहूं की पराली में आग लग गई। लगभग 8 बीघा पराली जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान विजय शंकर ने अपने यहां से दो टैंकरों पर पानी भेजकर आग पर काबू पाया। प्रधान ने बताया कि बगल में भगवानदीन वाल्मीकि की गेहूं की फसल कटी रखी थी, जो ग्रामीणों की मदद से बच गई।

टूटकर गिरे जर्जर तारों की चिंगारी से लगी आग

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

अमृत विचार। अचानक बिजली का तार टूट कर गिरने से एक किसान की बागवानी में लगे हजारों पेड़ व खेत में भूसा बनाने के लिए पड़ी पराली जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

थानाक्षेत्र के निवादा गांव निवासी किसान रवींद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह गांव के भस्मानंद इंटर कॉलेज के सामने गई रास्ता के पास नलकूप के साथ बागवानी लगाए हुए हैं। करीब 20 बीघा में मुसम्मी, संतरा, अमरूद, आम, आंवला सहित अनेक फलदार पेड़ लगे है। खेत के चारों तरफ मेड पर करीब 2000 यूकेलिप्टस के हरे पेड़ लगे हुए हैं। रात में अचानक नलकूप में आए बिजली के तार टूट कर गिरने से आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने बागवानी के साथ यूकेलिप्टस के पेड़ों को अपने आगोश में ले लिया। वहीं भूसा बनाने के लिए खेत में पड़ी पराली भी इसकी चपेट में आ गई। पड़ोसियों ने किसान को जानकारी दी। किसान ने थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की दो गाड़ियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे में काबू पाया। घटना में किसान को लाखों रुपयों के नुकसान होने का अनुमान है।

समाधान दिवस | अधिकारियों के सामने शिकायतों की भरमार, 106 में से सिर्फ 12 का निस्तारण

डीएम के सामने पानी-बिजली की उठी टीस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने लोगों का दर्द सुना। सबसे ज्यादा शिकायतें अवैध कब्जा, बिजली और पानी की रहीं। 106 में से 12 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

कस्बे के पठानपुरा की सोनम, राजकुमारी, अंजुम, जमीला चंद्रकली, सुमितरानी ने बताया कि विद्युत विभाग ने नया मीटर लगाया है। कम खपत होने के बाद भी बिल अधिक आ रहा है। स्मार्ट मीटर हटाकर बिल सही कराने की मांग की। बसेला गांव के भरत कुमार ने गेहूं की फसल में आग लगाने, सिकंदरपुरा की कंचन ने ससुरालियों पर उत्पीड़न करने, सिकरौंधा के आरत सिंह ने पानी की टंकी से घरों में नल कनेक्शन कराने की मांग की। डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ गीतम सिंह, उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह, तहसीलदार दिलीप कुमार, नायब तहसीलदार सुभाष, कोतवाल अनूप सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

राठ तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। अमृत विचार

मौदहा में 50 शिकायतों में 4 का हुआ निस्तारण

- **मौदहा।** तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह एवं सीओ राजकुमार पांडेय की मौजूदगी में 50 शिकायतें आईं, जिनमें 4 का निस्तारण हो सका। समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामले छाए रहे।

ट्रक ने किसान की छीनी जिंदगी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- टक्कर लगने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक तड़पता रहा किसान

अमृत विचार। जरिया थानाक्षेत्र के जिटकिरी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने खेत जा रहे एक किसान को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब डेढ़ घंटे तक किसान वहीं पड़े तड़पता रहा और उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जिटकिरी गांव निवासी फूल सिंह (55) पुत्र बीरबल शनिवार सुबह अपने खेतों की ओर जा रहे थे। रास्ते में बालू खदान से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने फूल सिंह को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फूल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद किसान करीब डेढ़ घंटे तक वहीं तड़पता रहा और दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद ट्रक भाग गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन किसान को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि फूल सिंह खेती किसानी के अलावा पशुपालन भी करते थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक व चालक की तलाश की जा रही है।

कुत्ता से टकराकर बाइक सवार घायल

- **हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में थाने के पीछे रहने वाले भागवत भूषण पांडेय (50) पेशे से अधिवक्ता हैं और हमीरपुर में कचहरी में वकालत करते हैं। शनिवार को वह वार्ड नम्बर 15 सन्त कबीर निगम के रहने वाले अपने साथी अधिवक्ता मोनू प्रजापति (40) साथ बाइक से हमीरपुर आ रहे थे, तभी कानपुर हाईवे पर कुंडौरा गांव के पास अचानक सामने कुत्ता आ गया, जिससे टकराकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

न्यूज ब्रीफ

कालपी में आज 3 घंटे बाधित रहेगी बिजली

कालपी (जालौन)। नगर में रविवार को 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ धर्मेंद्र सचान ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 केवी उपकेंद्र से आपूर्ति बंद रहेगी। 132 केवी उपकेंद्र में भी सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कटौती की संभावना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें और विभागीय कार्य में सहयोग करें।

हत्याकांड का तीसरा अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। 14 अप्रैल को सुभाष नगर में हुए प्रियंका हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों सुमित और धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, मगर परिजन इससे संतुष्ट नहीं थे। पिता मानिकचंद्र और भाई पुष्पेंद्र ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी शशांक सिंह ने सख्त निर्देश दिए। इसके बाद सदर कोतवाली के एसएचओ मनीष पांडेय ने राठ रोड स्थित बीएसएनएल टावर के पास से वांछित भूरा सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

सोमनाथ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ

महोबा। सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवालयों में भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और जिले के दस यात्रियों को शनिवार को सोमनाथ की यात्रा के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया। इस मौके पर यात्रा के नोडल अधिकारी युवा कल्याण अधिकारी मतगंजन कुशवाहा एवं पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव मौजूद रहे।

स्लोगन, चित्रकला के जरिए किया जागरूक

कालपी। कालपी कालेज में शनिवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ, जिसमें कानून के पक्ष में मिस्डकाल अभियान शुरू करने पर बल दिया गया। प्राचार्या डॉ. मधुप्रभा तिवारी के निर्देशन में स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ मानव शृंखला भी बनाई गई। इस दौरान मौजूद भाजपा नेत्री ऊषा शुक्ला ने महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ज्योति विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष आशा देवी, सदस्य मीनू स्वर्णकार के साथ कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राधारानी, डॉ. कीर्ति पुरवार, डॉ. नीता पाण्डेय तथा डॉ. प्रवीन कुमार के अलावा बड़ी संख्या में छात्राएं भी मौजूद रहीं।

एसपी ने डायल 112 को दिखाई हरी झंडी

महोबा। एसपी शशांक सिंह ने पुलिस लाइन में डायल-112 के चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने प्रत्येक सूचना पर तत्काल, संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि घटनास्थल पर शीघ्र पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जाए और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वाहनों में उपलब्ध संसाधनों एवं उपकरणों का समुचित उपयोग करते हुए बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान सीओ गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, प्रभारी डायल-112 विषयदेव बुन्देला आदि मौजूद रहे।

43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

मौसम की मार

- अप्रैल महीने में ही धूप की तपिश ने जून की गर्मी का कराया एहसास
- सुबह 10 बजे से ही तेज धूप की तपिश ने घर के बाहर झुलसाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। इस साल गर्मी ने अप्रैल माह में ही रिकार्ड तोड़ दिया है। आसमान से बरस रही आग और गर्म हवाओं के चलते अप्रैल माह में ही मई और जून की गर्मी का एहसास करा दिया है। जिससे अब लोग जून माह की गर्मी को लेकर खासे चिंतित हैं। शनिवार को तापमान अधिकतम 43 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं गर्मी से भी लोग बेहाल रहे। दोपहर में बिजली जाने पर कूलर पंखे और एसी बंद हो जाने से लोगों का बुरा हाल हो गया।

जिले में आज कल भीषण गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। सुबह दस बजे से ही तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोगों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। आसमान से बरस रही आग से जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रहे गया है। शनिवार को दोपहर के समय सड़कों और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार भी लू से बचाव के लिए सिर पर पगड़ी और तौलिया बंधे रहे। आवश्यक कार्य से बाहर निकलने पर लोग तौलिया अंगौछा बांधकर घर से निकले।

सिर पर स्टॉल बांधकर निकलीं युवतियां। अमृत विचार

अप्रैल महीने में ही पड़ रही भीषण गर्मी ने आम आदमी को झकझोर कर रख दिया है। गर्मी को लेकर लोग खासा परेशान हैं। सुबह दस बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती है। देर शाम तक लू के थपेड़ों के चलते लोग घरों में कैद रहते हैं। आज कल भीषण गर्मी के बीच खेत खलिहानों में काम कर रहे किसान और मजदूरों का बुरा हाल है। यही वजह है कि तेज धूप और गर्म हवाओं को देखते हुए मजदूरों ने भी अब डेढ़ गुना मजदूरी कर दी है। वहीं दूसरी तरफ तेज धूप के चलते मजदूर भी काम करने के लिए घरों से कम निकल रहे हैं।

हीटवेव की संभावना, बरतें सावधानी

एडवाइजरी जारी

- 19 से 21 अप्रैल तक जनपद में तापमान बढ़ने की संभावना
- डीएम ने एडवाइजरी जारी कर लू से बचने के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। राज्य मौसम पूर्वानुमान केंद्र लखनऊ की सूचना अनुसार 19 से 21 अप्रैल तक जिले में अधिक तापमान बढ़ने की संभावना है। डीएम गजल भारद्वाज ने एडवाइजरी जारी कर जिले में हीटवेव (लू) का अनुमान बताया है। शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) और ऐंठन होती है, जिससे जान भी जा सकती है।

डीएम ने बताया कि हीटवेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है। लू से बचाव के लिए कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले और सूती कपडे पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढककर रखें। कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें। सफर में अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना आदि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें। रेडियो, टीवी और समाचारपत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर डॉक्टर से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें और रात में खिडकियां खुली रखें।

बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोड़ें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं, जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें, क्योकि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं। दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें तथा रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुला रखें। डीएम ने हीटवेव को देखते हुए एहतियात बरतते हुए अपना विशेष ख्याल रखने की बात कही है।

शिकायतों के निस्तारण की होगी जांच

सदर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने खुले शब्दों में अधिकारियों-कर्मचारियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। डीएम गजल भारद्वाज ने शनिवार को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकरियों के साथ फरियादियों की गंभीरता से शिकायतें सुनीं और उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शिकायत निस्तारण की जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी। यहां कुल 71 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का निस्तारण कर दिया गया।

डीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और यदि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन की मंशा के अनुरूप समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम-एसपी और अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। संपूर्ण समाधान दिस पर सुबह से ही शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंच गए, जिससे तहसील परिसर लोगों से गुलजार नजर आया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय ने भी लोगों की समस्याओं को सुना।

चरखारी में 2 शिकायतें हल: चरखारी में एडीएम वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज और एसडीएम धीरेंद्र कुमार ने समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने एक-एक फरियादी की समस्याओं को सुनकर जांच कराकर समाधान कराने का भरोसा दिया। समाधान दिवस में 27 शिकायतों में 2 का निस्तारण किया, जबकि शेष 25 शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए सौंपा।

कुलपहाड़ में 120 शिकायतों में सिर्फ 3 निपटीं

कुलपहाड़। एडीएम नमामि गंगे मुईन उल इस्लाम और एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार की मौजूदगी में 120 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें सिर्फ 3 शिकायतों का निस्तारण हो सका। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व व पुलिस से संबन्धित रहीं। पचारा के तुलसीदास ने मकान पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। गाहरा पहाड़िया की रामबाई ने गाटा संख्या 2145 की नाप कराने, भटेवरा खुर्द के रामनाथ ने अर्जुन बांध के पानी से फसल डूब का मुआवजा दिलाने, बिहार के छन्नूलाल ने मकान निर्माण की मजदूरी का पैसा दिलाने, मुढ़ारी के छविलाल ने गाटा संख्या 1089 पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। अन्य लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष पेश की। अधिकारियों ने समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

चलती ट्रेन में चढ़ते समय महिला की गिरने से मौत

- महिला के ट्रेन से गिरते ही महोबा स्टेशन में मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। झांसी-मानिकपुर रेल लाइन पर रेलवे स्टेशन महोबा में चली ट्रेन में चढते समय महिला का पैर फिसल जाने ने नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। महिला के पति ने आसपास लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली चरखारी क्षेत्र के बम्हौरीकला गांव निवासी सरोज (36) अपने पति सुनील कुमार के साथ इंटरसिटी ट्रेन ने मऊरानीपुर अपनी ननद के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थी। सरोज अपने पति के साथ रेलवे स्टेशन पहुंची तो ट्रेन चल दी। महिला ने दौड़कर ट्रेन पर चढ़ना चाहा, तभी पैर फिसल जाने से महिला असंतुलित होकर ट्रैक के किनारे गिर गई, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आ गई।

अस्पताल में मौजूद परिजन व पुलिस।

महिला के ट्रैक के किनारे गिरते ही चीख पुकार मच गई। पति व आसपास के लोग चिल्लाने लगे, लेकिन ट्रेन आगे निकल गई, बाद में गंभीर हालत में महिला को आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। महिला के सिर पर अधिक चोटे बताई गई। डॉ. शिशुपाल ने बताया कि महिला को अत्यंत गंभीर स्थिति में लाया गया था। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्यरी में रखवाया गया है।

लव जिहाद पर सख्त कानून बने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। साध्वी प्राची ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया, लेकिन कुछ लोग हिंदू महिलाओं का हक छीनना चाहते हैं। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर महिला आरक्षण बिल के विरोध को लेकर सवाल उठाए। साध्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लव जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे मामलों पर सख्ती जरूरी है जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

विश्व हिन्दू परिषद की सदस्या साध्वी प्राची शहर के बजरंग चौक के समीप हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष समिति के तत्ववाधान में आयोजित विशाल महापंचायत कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि जहां हिंदू बच्चे पढ़-लिखकर देश निर्माण में लगे हैं, वहीं मदरसों से लव जिहाद जैसी साजिशें सामने आ रही हैं। उन्होंने मदरसों को लेकर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा नो जेल, नो बेल, लव जिहादी का सीधा 72 हूरों से मेल। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस मुद्दे पर सख्त कानून बनाया जाए और आरोपियों की संपत्ति जब्त की जाए।

शहर के बजरंग चौक में पंचायत को संबोधित करतीं साध्वी प्राची। अमृत विचार

साध्वी ने कहा कि 2014 में जब महोबा में तत्कालीन सरकार ने जगतगुरु रामभद्राचार्य की कथा पर रोक लगाए जाने का आरोप लगा था। उन्होंने कहा कि यह देश संस्कारों और मातृशक्ति के सम्मान का है और महिलाओं का अपमान करने वालों को जनता जवाब देगी। उन्होंने महिला आरक्षण बिल के विरोध को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया, लेकिन कुछ लोग हिंदू महिलाओं का हक छीनना चाहते हैं। महापंचायत दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी।

आरएफसी के केंद्र पर गेहूं खरीद बंद

कालपी। पीसीएफ में बारदाना की कमी से गेहूं की खरीद पहले से ही बंद थी। शनिवार को जगह की कमी से आरएफसी केंद्र में भी खरीद बंद हो गई है। किसान परेशान हैं।

विभागीय आकड़ों की माने तो आरएफसी के क्रय केंद्र में अब तक लगभग 3000 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है, जबकि बारदाना न होने से पीसीएफ क्रय केंद्र पर अभी तक महज 500 क्विंटल खरीद हुई है। किसानों को कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता था, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में किसान कम कीमत पर गेहूं बेच रहे हैं। शुक्रवार से विपणन शाखा में भी जगह की कमी हो जाने से खरीद प्रभावित हुई है। केन्द्र प्रभारी रुचिता ने कहा कि खरीद सुचारु रखने के लिए मण्डी प्रशासन से और जगह की मांग की गई है, जल्द ही खरीद शुरू हो जाएगी। पीसीएफ केन्द्र प्रभारी धनीराम के मुताबिक जल्द ही बारदाना मिलने की उम्मीद है।

दो पक्षों में संघर्ष, आठ लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर के कीरत सागर तट पर आसपास अस्थाई रुप से रह रहे घुमंतू जाति के दो पक्षों के बीच जुए के विवाद के चलते नशे की हालत में मारपीट हो गई, जिससे छह माह के मासूम सहित लगभग आठ लोग घायल हो गए। मारपीट दोरान हुई पत्थरबाजी के चलते वहां क दुकानदार और राहगीरों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत कराकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा।

घुमंजू जाति का संजय नामक युवक शराब के नशे में राजू की झोपड़ी में घुस गया। आरोप है कि उस समय राजू की पत्नी शालू अपने छह माह के बच्चे राज को सुला रही थी। नशे में धुत संजय ने मासूम राज को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इस घटना के बाद राजू के परिवार ने विरोध किया, जिसके बाद संजय ने अपनी पत्नी मैना और साले राहुल के साथ मिलकर हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर और बर्तनों से हमला शुरू हो गया। सड़क के पास हुए इस पथराव से राहगीरों और दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की चार गाड़ियां और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अमृत विचार

पुलिस के सामने भी दोनों नशे में धुत पक्ष शांत होने को तैयार नहीं थे, फिर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए स्थिति को काबू में किया। इस भीषण मारपीट में दोनों पक्षों के कुल 8 लोग लहूलुहान हुए हैं। एक पक्ष से राजू, शालू, बुजुर्ग शारदा और 6 माह का मासूम राज घायल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से संजय, मैना, राहुल और नैना को गंभीर चोटें आई हैं, पुलिस ने सभी जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया, जहां पर मैना की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों ही पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया गया है।

कालपी तहसील के समाधान दिवस में सुनवाई करते अधिकारी। अमृत विचार

14 शिकायतों में सिर्फ 1 का समाधान

संवाददाता, कालपी (जालौन)

अमृत विचार। उप जिलाधिकारी की मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें 14 शिकायतें दर्ज हुईं। तहसील सभागार में एसडीएम के साथ सीओ अवधेश कुमार सिंह भी शिकायतें सुनने के लिए बैठे।

इस दौरान संतोष अहिरवार ने जमीन संबंधित शिकायत की, वहीं शांति देवी ने घर में लगे बिजली के सपोर्ट तार को हटाने की मांग की। एसडीएम के मुताबिक मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया है। अन्य शिकायतों को संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को समय एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार चंद्रमोहन शुक्ला, नगर पालिका परिषद के ईओ अवनीश कुमार शुक्ला, एसडीओ धर्मेन्द्र सिंह सचान, उपखंड अधिकारी कदौरा के अलावा अतिरिक्त निरीक्षक कालपी अवनीश कुमार सहित सभी विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे।

पदयात्रा | साईं कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति वंदन एक्ट का समर्थन

महिला शक्ति से ही सशक्त हो सकता राष्ट्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत साईं कालेज आफ एजुकेशन महोबा में प्राध्यापिकाओं व छात्राओं ने नारी शक्ति पदयात्रा निकाली गई साथ ही मानव श्रृंखला बनाते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन करते हुए हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महिला प्राध्यापिकाओं के अलावा छात्राओं ने नारी शक्ति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सशक्त नारी व सशक्त राष्ट्र का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सभागार कक्ष में प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद महिला प्राध्यापिकाओं के साथ मिलकर छात्राओं ने नारी शक्ति पदयात्रा निकाली, जो प्रमुख मार्ग से से होते हुए पुनः महाविद्यालय आकर मानव श्रृंखला में परिवर्तित हो गई। प्राध्यापिकाओं और छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाते हुए एकजुटता का परिचय देते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया साथ ही महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का संदेश देते हुए नारी शक्ति दीवार पर अपने विचारों व हस्ताक्षर भी किए।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कार्यक्रम दौरान विधि विभाग की प्राध्यापिका नीता मिश्र ने कहा कि जब तक महिला सशक्त नहीं होगी तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता, इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और देश को महिलाओं के उत्थान विकास के लिए संसद में उनके हित के लिए आवाज उठाना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होता तो लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर ज्यादा हो जाती और महिलाओं को 33 प्रतिशन आरक्षण मिल जाता। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू, प्राध्यापक डॉ. मैराज खान, प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, आदर्श कुमार, रविंद्र कुमार, आशीष चोरसिया, लोकेश चौरसिया, अर्चना श्रीवास्तव, भावना साहू, अंजना श्रोतीय, शहनवाज खान सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

परशुराम ने शिवजी से सीखी थी युद्ध कला

- सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में परशुराम जयंती पर गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को भगवान परशुराम जयंती पर गोष्ठी हुई। शुरुआत वरिष्ठ आचार्य जयनारायण तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। वक्ताओं ने भगवान परशुराम की वीरता, वचन बद्धता तथा पिता की आज्ञा का पालन करने सहित उनके अन्य गुणों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार, महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे, जिनका जन्म अत्याचारों से पृथ्वी को मुक्त करने के लिए हुआ था। अक्षय तृतीया पर जन्मे परशुराम शिवभक्त थे। वे चिरंजीवी योद्धा और गुरु के रूप में पूजे जाते हैं। शिवजी के प्रसन्न होने के बाद उनके परशु (फरसा) मिलने से ही वह परशुराम कहलाए। उन्होंने भगवान शिव से युद्धकला और दिव्य शस्त्र प्राप्त किए, जिससे वे अत्यंत बलशाली योद्धा बन गए।

आचार्य जयनारायण तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम ने जीती हुई पृथ्वी कश्यप ऋषि को दान कर दी और महेंद्रगिरि पर्वत पर तपस्या के लिए चले गए। वे महाभारत काल में भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण के गुरु थे, जिन्होंने उन्हें अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी। कार्यक्रम संचालन कर रहे आचार्य कृष्णचन्द्र पाठक ने भगवान परशुराम के अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। इस अवसर पर समस्त आचार्य बन्धु, छात्र-छात्रायें कर्मचारी बन्धु उपस्थित रहे।

पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।

जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद: शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें- प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी

रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।

राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।

घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।

सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है। समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

गर्मी के मद्देनजर स्कूलों का समय बदला

चित्रकूट। भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक का समय परिवर्तित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि स्कूलों का समय 20 अप्रैल से प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न साढ़े 12 बजे तक किया गया है। शिक्षक शिक्षण अवधि से 15 मिनट पहले विद्यालय पहुंचेंगे और कम से कम 30 मिनट बाद तक मौजूद रहेंगे।

कमेटी के सदस्यों को दिया गया मनोनयन पत्र

चित्रकूट। सपा के जिला कार्यालय में शनिवार को कमेटी के सदस्यों को मनोनयन पत्र दिया गया। इस दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि सभी से कहा कि अखिलेश यादव के विचारों को जनजन तक पहुंचाएं। इस मौके पर सुरेंद्र यादव, सरनाम सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे।

महंत से की पूछताछ

चित्रकूट। एक महिला द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के मामले में नामजद आरोपी से पुलिस की पूछताछ जारी है। सूत्रों के मुताबिक, कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम महंत को चित्रकूट से पूछताछ के लिए ले गई थी। इधर, महंत के समर्थक भी शनिवार दोपहर से कोतवाली परिसर में डटे रहे। कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि महंत को शुक्रवार शाम जानकारी लेने के लिए बुलाया गया था। उनसे पूछताछ जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा।

धर्मांतरण के खिलाफ युवाओं का प्रदर्शन

चित्रकूट। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बीते दिन ट्रैफिक चौराहे पर अवैध धर्मांतरण एवं लव जिहाद के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। संगठन मंत्री विकास ने बताया कि सरकार से मांग है कि तत्काल अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाई जाए, दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और धर्मांतरण विरोधी कठोर कानून बने। प्रदर्शन के दौरान अमित मिश्रा, रामशरण तिवारी, राजेंद्र त्रिवेदी, नीरज केशरवानी, सिद्धार्थ पांडेय, कामता प्रसाद, जमुना प्रसाद, अजय, अंकित पटेल, प्रणव भारद्वाज, विमल त्रिपाठी, मृदुल, नीरज तिवारी, शिवांग आदि मौजूद रहे।

असलहा के साथ आरोपी गिरफ्तार

राजापुर (चित्रकूट)। थाने के एसआई रविंद्र कुमार कटियार ने कपसेन सिंह पुत्र कंचन सिंह निवासी खोपा को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी शुभम मिश्रा, विमलेश कुमार शामिल रहे।

टीकाकरण अभियान की हुई समीक्षा

चित्रकूट। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने टीकाकरण के संबंध में जिला टॉस्क फोर्स के कामों की समीक्षा की। सीडीओ ने डिप्थीरिया के बढ़ते केसों के मद्देनजर स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान पर जोर दिया। बैठक में टीडी एवं डीपीटी टीकाकरण अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। सीडीओ ने ब्लाकवार टीकाकरण कर्मियों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। । चेतावनी दी कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। निर्देशित किया कि जिला मुख्यालय एवं ब्लाक स्तर पर भी एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।

न्यायालय परिसर में चोरी के आरोपी दंपती गिरफ्तार

चित्रकूट। कोतवाली के एसआई रामकुमार दुबे ने न्यायालय परिसर कर्वी में चोरी करने के आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल को राजेश कुमार यादव निवासी शंकर बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 अप्रैल को विश्राम कक्ष व न्यायालय में लगे एसी काम नहीं कर रहे थे। मैकेनिक को दिखाने पर पता चला कि आउटडोर में लगी तार व पाइप काट लिए गए हैं। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंदाकिनी पुल के आगे नट बाबा के मंदिर के पास राहुल सोनी पुत्र विजय सोनी निवासी बिलबई चिकारा थाना कोतवाली नगर महोबा और माही गुप्ता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों ने बताया कि वे काफी गरीब हैं। पेट पालने के लिये छोटी मोटी चोरी कर लेते हैं। उन्होंने चोरी की बात भी कबूली। इनसे कुछ सामान और उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस टीम में कांस्टेबिल प्रताप सिंह और आरती मिश्रा शामिल रहीं।

गलत रिपोर्ट देने में फंसे खान निरीक्षक

डीएम के निर्देश पर संयुक्त टीम ने की थी जांच, कार्रवाई के लिए डीएम ने दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। अवैध खनन की शिकायत संबंधी निस्तारण आख्या में क्लीन चिट देने के मामले में आखिरकार खनन निरीक्षक मंटू सिंह फंस गए। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर मौके पर गई संयुक्त टीम ने जांच में 396 घन मीटर मिट्टी के अवैध मिलने की पुष्टि की है। खनिज अधिकारी ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही डीएम ने अवैध खनन के मामले में गुमराह करने वाली रिपोर्ट देने पर खान निरीक्षक मंटू सिंह के खिलाफ कार्यवाही के लिए खनिकर्म निदेशक को पत्र लिखा है। इससे जिलाधिकारी ने स्पष्ट संकेत दिए कि अवैध खनन को संरक्षण देने वाले अधिकारी और कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। जिलाधिकारी के तेवरों से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, मऊ तहसील के करही गांव निवासी जितेंद्र सिंह ने शिकायत की थी कि बरिया गांव में उनके खेतों में कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। आरोप था कि उनकी जमीन के हिस्सों में इस कदर खनन किया गया है कि मौके पर तालाबनुमा नजर आने लगा है। तीन साल पहले भी इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद 11 फरवरी 2023 को तत्कालीन नायब तहसीलदार के मौके पर जांच करने के दौरान खनन माफियाओं ने उनके साथ भी दबंगई की थी। हालांकि मौके पर मिली एक जेसीबी और ट्रैक्टर नायब तहसीलदार पकड़ लाए थे। साथ ही खनन माफियाओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इसके बाद भी खनन माफियाओं ने कुछ विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से मिट्टी का खनन जारी रखा। इसकी शिकायत उन्होंने फिर से 16 मार्च 2026 को जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह से की थी। इसकी जांच करने खान निरीक्षक मंटू सिंह मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने जांच आख्या में कोई अवैध खनन न दर्शाते हुए एक प्रकार से खनन माफियाओं को क्लीन चिट दे दी थी। इससे निराश होकर शिकायतकर्ता ने अवैध खनन के समस्त साक्ष्यों के साथ पूरे मामले को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को 21 अप्रैल तक हाई कोर्ट में हलफनामा देने को कहा है।

खनिज इंस्पेक्टर का नाम लेकर की गई धमकाने की कोशिश

सारे आरोप निराधार हैं: खनिज इंस्पेक्टर

खनिज इंस्पेक्टर फिर विवादों में घिरे

'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार। अमृत विचार

अक्सर विवादों में रहे हैं मंटू सिंह

- खान निरीक्षक मंटू सिंह और विवादों का मानो नाता सा है। कभी किसी को धमकाने तो कभी किसी से मारपीट के अक्सर उनपर आरोप लगते रहे हैं। भरतकूप थाने में रौली कल्याणपुर निवासी हरीओम उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। इसके अलावा अहिरी निवासी राजू ने मंटू सिंह और उनके सहयोगियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया था।

चार सदस्यीय टीम ने की जांच पड़ताल

- इस आदेश के बाद जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बरिया गांव में जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर, मऊ उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन, मऊ क्षेत्राधिकारी फहद अली व जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह व प्रयागराज से आए भू वैज्ञानिक गौतम कुमार दिनकर ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने के बाद आख्या दी है।

आग से तीन परिवारों की गृहस्थी राख

राजापुर चित्रकूट। तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नैनी बांगर में आग से तीन घर और गृहस्थी जल गई। तीनों अग्निपीड़ितों का लगभग पांच लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत नैनी बांगर के देशराज निषाद उर्फ झगड़ू ने बताया कि वह सपरिवार गेहूं की कतराई के लिए चला गया था। शुक्रवार देर शाम घर में अज्ञात कारण से आग लग गई। आग की लपटों ने राजकरण निषाद व रामबाबू निषाद के घरों को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया पर तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था। देशराज निषाद ने बताया कि वह बड़ी पुत्री की शादी करने की तैयारी कर रहा था। धीरे-धीरे दहेज का सामान इकट्ठा करके रख लिया था, जो जल गया है। एक बकरी की भी जल जाने से मौत हो गई। अग्निकांड की खबर पाते ही उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव मौके पर पहुंचे और तीनों अग्निपीड़ितों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मंडलायुक्त को ज्ञापन देते युवा समाजसेवी अनुज हनुमत। अमृत विचार

ब्रिटिशकालीन थाने को संरक्षित करें

मानिकपुर चित्रकूट। स्वाधीनता आंदोलन के मूक गवाह रहे ब्रिटिशकालीन पुलिस थाने को संरक्षित करने तथा उसे शहीद स्थल का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर युवा समाजसेवी अनुज हनुमत ने मंडलायुक्त अजीत कुमार को ज्ञापन सौंपा। अनुज ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे गौरवशाली और संघर्षपूर्ण इतिहास के ऐसे महत्वपूर्ण स्थल आज उपेक्षा के कारण अपनी पहचान खो रहे हैं। यह थाना उन अनाम शहीदों की शहादत का गवाह है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने इमारत को संरक्षित कर उसका जीर्णोद्धार किए जाने और सूचना पट स्थापित किए जाने की मांग की, जिसमें वहां शहीद किसानों और मजदूरों के संघर्ष का विवरण हो।

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़गांव, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद

फर्म: ग्रा. प./मुड़गांव/पत्रांक 0006/पंचम वित्त/छठम वित्त/पंद्रहवां वित्त/सोलहवां वित्त/दिनांक 19/4/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त/आठवां वित्त/पंद्रहवां वित्त/सोलहवां वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़गांव वि.ख. मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित वितरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदाओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 19/4/2026 से 26/4/2026 तक अपराह्न 4.00 बजे ग्राम प्रधान व सचिव के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय में 500.00 रूपये नकद देकर प्राप्त किए जा सकते है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री की लागत	जमानत राशि	टेंडर मूल्य
1	कार्य का नाम फौजी के घर से गुड्डन के घर तक नाली व इंटर लश्वकिंग निर्माण कार्य	110053.00	2%	500.00

रामनारायण सिंह, ग्राम प्रधान, ग्रा.प.मुड़गांव, वि.ख.मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रूखाबाद

श्री संजय सक्सेना, सचिव, ग्रा.प.मुड़गांव, वि.ख.मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रूखाबाद

लोगों की समस्याएं सुनते डीएम पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह।

नहर की पटरी पर अतिक्रमण की शिकायत

राजापुर चित्रकूट। तहसील सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने समाधान दिवस में लोगों की दिक्कतें जानीं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने नहर की पटरी पर अतिक्रमण की शिकायत की।

इस दौरान आए 45 शिकायती पत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। संतोष शुक्ला ने बताया कि खटवारा वाया भदेवरा नहर पर लोगों ने कब्जा करके घर बना लिए हैं। किसान प्राइवेट ट्यूबवेल के सहारे हैं। काशी नगर की सभासद उर्मिला देवी ने पेयजल की दिक्कत बताई। बताया कि कई बार शिकायती पत्र देने के बाद भी निस्तारण नहीं किया गया। अनिल त्रिपाठी ने बताया कि यमुना नदी में रिवर फ्रंट की घोषणा हवा हवाई नजर आ रही है। डीएम ने निर्देश दिए मुख्यमंत्री पोर्टल से प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण के समय दो गवाहों के हस्ताक्षर कराएं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी न्यायिक राकेश पाठक, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह, प्रवीण सिंह, राम सिंह, पूर्ति निरीक्षक कृपाशंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

केंद्रों पर बनाई जाये फार्मर आईडी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- किसानों के लिए सरकार का बड़ा निर्णय : अविनाश कुमार

अमृत विचार। किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए शासन ने बड़ा निर्णय लिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत अब सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए फार्मर आईडी/कृषक पहचान पत्र अनिवार्य तो होगा लेकिन जिन किसानों के पास यह नहीं है, उन्हें वापस नहीं किया जाएगा। ऐसे किसानों का पहचान पत्र मौके पर ही तैयार किया जाएगा।

यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी डा. अविनाश कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग ने प्रत्येक खरीद केंद्र पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी है, जो तुरंत फार्मर आईडी बनाकर किसानों की खरीद सुनिश्चित करेंगे। वहीं चकबंदी गांवों के किसानों को छूट दी गई है। उनके लिए फिलहाल पहचान पत्र अनिवार्य नहीं होगा और पूर्व की तरह खसरा, खतौनी, आधार कार्ड व पंजीकरण प्रपत्र के आधार पर गेहूं खरीदा जाएगा। झा ने बताया कि किसी भी किसान को केंद्र से वापस नहीं किया जाएगा। बताया कि 17 अप्रैल तक जिले में 480 किसानों से 2,414.27 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, जो 16,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य का करीब 15 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी प्रगति मानी जा रही है। अब तक 3,246 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है, जो बीते वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है।

जिले के 35 गेहूं खरीद केंद्रों में 15 जून 2026 तक खरीद जारी रहेगी। किसानों की सुविधा के लिए खाद्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 जारी किया है। इसके अलावा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 7355904833 और 8707219558 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

बोरों की पर्याप्त उपलब्धता

- झा ने बताया कि सभी खरीद केंद्रों पर बोरों की पर्याप्त व्यवस्था है। पहले से उपलब्ध 84,860 पीपी बोरे के अलावा मार्च 2026 में 34,345 जूट के बोरे और उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही 25 अप्रैल तक 50,000 अतिरिक्त जूट के बोरे भी मिलने की उम्मीद है।

यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

CIN: U15209UP1976SGC004285

कार्यालय महाप्रबन्धक जोन–5, बाँया तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ–226010

ई–मेल: gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org दूरभाष: 0522–3180555

पत्रांक:– 21/पी0सी0एल0/महा0प्र0/जोन–5/ई–निविदा–06 दिनांक: 16/04/2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

स्वशासी राज्य चिक्तिसा महाविद्यालय ललितपुर के अधीन संचालित पुराने चिकित्सालय परिसर में आन्तरिक मार्ग का निर्माण कार्य हेतु इस कार्यालय की ई–निविदा सूचना सं0 06/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 16/04/2026 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 24/04/2026 से दिनांक 29/04/2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्ते कारपोरेशन की वेबसाइट https://upprojects.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन–5 लखनऊ

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

नदियों में प्रदूषण पर एनजीटी सख्त

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

अमृत विचार। मंदाकिनी, पयस्विनी और उसकी सहायक नदियों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सख्त रुख अपनाया है। भोपाल (मप्र) स्थित सेंट्रल जोनल बेंच ने जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नदी क्षेत्र का सीमांकन कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

एक याचिका की सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने संबंधित अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की गई है। साथ ही राज्य के शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव और चित्रकूट नगर पंचायत के सीएमओ को भी निर्देशित किया गया है कि सभी स्तरों पर समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बताया जाता है कि एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर जुर्माना लगाया जाएगा और नए अतिक्रमण को हर हाल में रोका जाए। अवैध निर्माणों को नियमों के तहत हटाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ट्रिब्यूनल ने चित्रकूट की जनसंख्या, त्योहारों के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या, जल उपयोग और उससे उत्पन्न सीवेज का पूरा ब्यौरा मांगा है। इसके अलावा, क्षेत्र में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी तलब की गई है। रामघाट सहित कई स्थानों पर बिना उपचार के सीवेज सीधे नदियों में डाला जा रहा है, जिससे पानी का रंग काला-भूरा हो गया है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि नदी तटों और आसपास की भूमि पर बड़े पैमाने पर होटल, धर्मशालाएं, आश्रम, फार्महाउस और निजी कॉलोनियों के रूप में अतिक्रमण किया गया है।

मॉडिफाइड साइलेंसर पर परिवहन विभाग का शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिले में मॉडीफाइड साइलेंसर व ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न गैराजों व वर्कशापों पर औचक छापेमारी की गई।

जांच के दौरान अधिकारियों ने कई गैराजों में पहुंचकर मॉडीफिकेशन से जुड़े उपकरणों की पड़ताल की और संचालकों को चेतावनी दी कि किसी भी हालत में वाहनों में मॉडीफाइड साइलेंसर या ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने वाले उपकरण न लगाए जाएं, अन्यथा मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मोटरयान अधिनियम एक लाख रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही विधिक कार्रवाई की जायेगी।

सूचना

मैं JITENDRA KALIKA SINGH पुत्र KALIKA MATAPRASAD SINGH निवासी ग्राम–नरायनपुर, पो0 व थाना–तरबगंज, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर JITENDRA SINGH रख लिया है, अतः आज से मुझे JITENDRA SINGH के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

सूचना

सेंट एलोशियस स्कूल बांगरमऊ के कक्षा 10 में मेरे बेटे का नाम त्रुटिवश अंश यादव पुत्र राधेश्याम दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा सही नाम श्याम बाबू दर्ज है। मुझे मेरे सही नाम श्याम बाबू पुत्र केशन लाल के रूप में जाना व पहचाना जाए। **श्याम बाबू पुत्र केशन लाल निवासी ग्राम– केशवा पुर, मजरा– हीरापुर, परगना व तहसील– बांगरमऊ, जिला– उन्नाव**

सूचना

मेरे पुत्र चरनदीप का चाल चलन खराब हो गया है। उसका अराजक तत्वों से मेल जोल है। वह घर वालों से अभद्रता व आए दिन क्लेश करता है। इस कारण से परिवार के लोगों ने उससे सारे रिश्ते खत्म कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। यदि वह किसी से किसी प्रकार का लेनदेन या अन्य कृत्य करता है तो वह स्वंय उसका जिम्मेदार होगा। परिवार को उससे कोई लेनादेना नही होगा। **रानी देवी पत्नी शीतल प्रसाद निवासी निवाडी कलां थाना बकेवर जिला इटावा।**

सूचना

मैंने अपना नाम NASRUL NISA से बदल कर NASRUL NISHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MOHAMMAD MUSLIM R/O: BARAVAN GARH MAHAUNA PASCHIM AMETHI UTTAR PRADESH - 226021

निरीक्षण | मंडलायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को दिये दिशा–निर्देश

चिकित्सक की अनुपस्थिति पर वेतन रोकने के निर्देश

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

अमृत विचार। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने उप महानिरीक्षक राजेश एस के साथ शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लगभग 40 प्रार्थनापत्र आए, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और सात दिवस में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान करें। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं। शासनिक कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बराहमाफी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट श्यामकरण सिंह ही मौजूद पाए गए। चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज कुमार के विगत चार दिन से अनुपस्थित रहने की जानकारी पर मंडलायुक्त ने गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सक का अनुपस्थित दिवसों का वेतन अवरुद्ध करने एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मुआयना करने पहुंचे मंडलायुक्त अजीत कुमार।

गेहूं क्रय केंद्र की परखीं व्यवस्थाएं

- मंडलायुक्त ने कृषि उत्पादन मंडी समिति के गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि उनका गेहूं समय से खरीदा जा रहा है तथा भुगतान भी निर्धारित समय पर प्राप्त हो रहा है। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी क्रय केंद्रों पर इसी प्रकार पारदर्शी खरीद व्यवस्था बनाए रखते हुए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। केंद्रों पर पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता की जाए। इसके साथ अनावश्यक प्रतीक्षा से बचाने के लिए प्रभावी प्रबंधन एवं सतत निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

गर्मी के मद्देनजर सतर्क रहें विभाग

- गर्मी के मद्देनजर मंडलायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। हीट वेव से बचाव हेतु जन–जागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यकतानुसार राहत उपाय तत्काल लागू करने पर भी जोर दिया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण तथा शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी, के साथ कार्य करें, जिससे आमजन को बेहतर एवं भरोसेमंद सेवाएं प्राप्त हो सकें।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा

मुंबई। मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

अक्षय तृतीया पर ओला इलेक्ट्रिक ने की 50,000 तक के लाभ की पेशकश

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत के सबसे शुभ त्योहारों में से एक के उपलक्ष्य में ग्राहकों के पास ''ओला सोना'' जीतने का अवसर भी होगा। यह एक सीमित संस्करण वाला स्कूटर है जिसमें असली 24 कैरेट सोने की परत वाले तत्व लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) और रोडस्टर एक्स (2 .5 किलोवाट-घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है। साथ ही, पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को अधिकतम 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। ये ऑफर केवल 18 और 19 अप्रैल को ही मान्य हैं।

एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 8% बढ़कर 20,351 करोड़ पर

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 8 .04 प्रतिशत बढ़कर 20,350 .76 करोड़ रुपये रहा। मुंबई मुख्यालय वाले इस बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 18,834 .88 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता का चौथी तिमाही का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9 .11 प्रतिशत बढ़कर 19,221 .05 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछली दिसंबर 2025 तिमाही में बैंक ने 18,653 .75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

एसुस के ड्रॉप जोन नेटवर्क में अब 22 और स्टोर शामिल

मुंबई। एसुस इंडिया ने उसकी ड्रॉप जोन पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के मद्देनजर इस कार्यक्रम का विस्तार 22 अतिरिक्त स्टोर्स तक कर दिया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए शुरू की गयी ड्रॉप जोन पहल के तहत ग्राहक अब सर्विस के लिए अपने लैपटॉप सीधे एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर जमा कर सकते हैं। ताइवानी कंपनी एसुस की भारतीय इकाई की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विस्तार खास तौर पर ग्राहकों की पहुंच, सर्विसिंग में लगने वाले समय और ट्रैकिंग से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उभरते शहरों में। दूसरे चरण के तहत ड्रॉप जोन नेटवर्क का विस्तार दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया गया है।

12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

केंद्र सरकार ने भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।

● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

गंगटोक। सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

कारोबार डेस्क

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1 .48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे-धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।

● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

नयी दिल्ली, एजेंसी। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें

कारोबार डेस्क

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-

रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18-24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

आसानी से समझें

लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा**
  -गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8 .75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

काम की बात

- बार-बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार-बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

कोलकाता, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

कोलकाता, एजेंसी। विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली-बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल-शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

हावड़ा, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।

पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

मुर्शिदाबाद, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।

बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

कोलकाता, एजेंसी। भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा- पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

गोबिचेट्टीपलायम,एजेंसी। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

वर्ल्ड ब्रीफ

भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

जेद्दा। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

कोलकाता। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

नई दिल्ली। सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध

पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

जी 20 उपग्रह को अगले साल प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद

हैदराबाद। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि जलवायु और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तथा मौसम की निगरानी करने के लिए डिजाइन किए गए जी20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए डॉ. नारायणन ने यह भी कहा कि भारत पहला देश है जिसने एक ही रॉकेट का उपयोग करके 100 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अब क्यूआर पहचान प्रणाली

पहलगाम, एजेंसी

- पिछले साल हुए आतंकवादी हमले से सबक लेते हुए प्रशासन ने लागू किए सुरक्षा उपाय

जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली शुरू की है। पहलगाम पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले से 26 लोगों के मारे जाने के बाद दहल गया था।

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रणाली से वास्तविक और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं का आसानी से सत्यापन हो सकेगा, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाहरी विक्रेता शामिल हैं। इस पहल को लोकप्रिय पर्यटन रिसॉर्ट में आने वाले लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, हर सेवा प्रदाता की पुलिस ने जांच की है, अधिकारियों ने उसे पंजीकृत किया है और उसे एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी और अन्य विवरण होगा।

अधिकारियों ने कहा कि जब पर्यटक अपने फोन से कोड स्कैन करते हैं, तो वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। यह पहल उचित और पंजीकृत पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करती है जो धोखाधड़ी को रोकेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई अनधिकृत व्यक्ति पर्यटन से जुड़े होने का दावा न कर रहा है।

ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।

इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

काहिरा। ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

ईरान से लौटे आसिम मुनीर

इस्लामाबाद। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

वॉशिंगटन, एजेंसी

- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।

धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

एआई करता है डेटा का विश्लेषण

आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता

लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।

एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजैक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

छत्तीसगढ़: धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष: आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।	तुला: आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।
वृष: आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।	वृश्चिक: आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।
मिथुन: आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।	धनु: आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।
कर्क: आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।	मकर: आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।
सिंह: आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।	कुंभ: आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।
कन्या: आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।	मीन: आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10 .49 तक तत्पश्चात तृतीया।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-भरणी 07 .10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04 .35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

सुडोकू - 123 का हल

4	9	1	7	8	6	2	5	3
3	5	7	9	1	2	6	4	8
6	2	8	5	3	4	1	7	9
7	4	2	8	6	3	9	1	5
5	1	3	4	9	7	8	6	2
8	6	9	1	2	5	4	3	7
1	8	5	3	4	9	7	2	6
9	3	6	2	7	1	5	8	4
2	7	4	6	5	8	3	9	1

सुडोकू -124

		5			2			8
1				3			2	
		7	9			4		
5							1	
2			5		4			7
	8					6		
		2			1	7		
	4			8				5
6			7			2		

लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

संबोधन | कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।

जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
–ट्रिस्टन स्टब्स

स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

पर्पल कैप

- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

हाईलाइट

फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन सिंह

मुंबई। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

हताशा का दृढ़ता से किया सामना : रबाडा

अहमदाबाद। पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को 'हताशा' से 'दृढ़ता' का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत

डेविड मिलर।

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और छह चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।

इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

175/8 (20 ओवर)

फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप	63
विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी	19
देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर	18
रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश	08
टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर	26
जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी	14
रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप	01
कृणाल पंड्या रन आउट	12
रसिक सलाम नाबाद	00
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	03

अतिरिक्त : 11, **विकेट पर :** 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172 गेंदबाजी : नबी 3–0–36–0, मुकेश 4–0–32–1, एनगिडी 4–0–39–2, कुलदीप 4–0–32–2, नटराजन 2–0–16–0, अक्षर 3–0–18–2

दिल्ली कैपिटल्स

179/4 (19. 5 ओवर)

पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर	01
लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल	57
करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर	05
समीर रिजवी का जितेश बों भुवनेश्वर	02
टिस्ट्रन स्टब्स नाबाद	60
अक्षर पटेल रिटायर हर्ट	26
डेविड मिलर नाबाद	22

अतिरिक्त : 06, **विकेट पतन :** 1–2, 2–16, 3–18, 4–87, 4–134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट), गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4–0–26–3, हेजलवुड 4–0–38–0, सलाम 4–0–40–0, कृणाल 4–0–24–1, सुयश 3–0–31–0, शेफर्ड 0.5–0–17–0

57 रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

03 विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	5	4	0	1	9	1.067
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	6	4	2	0	8	1.171
3.	राजस्थान रॉयल्स	5	4	1	0	8	0.889
4.	दिल्ली कैपिटल्स	5	3	2	0	6	0.310
5.	गुजरात टाइटंस	5	3	2	0	6	0.018
6.	सनराइज़र्स हैदराबाद	5	2	3	0	4	0.576
7.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	5	2	3	0	4	–0.804
8.	चेन्नई सुपर किंग्स	5	2	3	0	4	–0.846
9.	मुंबई इंडियंस	5	1	4	0	2	–1.076
10.	कोलकाता नाइट राइडर्स	6	0	5	1	1	–1.149

पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

मुल्लांपुर। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य–पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

कोलकाता, एजेंसी : शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है।

पहले टी–20 में द.अफ्रीका से हारी भारतीय महिला टीम

डरबन, एजेंसी

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले महिला टी20 क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। दो महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप की 'ड्रेस रिहर्सल' मानी जा रही सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की दिशाहीन गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए लक्ष्य पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय गेंदबाजों ने 14 वाइड गेंदें फेंकी।

वोल्वार्ट ने 39 गेंद में 51 रन बनाए। एनेरी डर्कसेन ने 34 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। पिछली चार श्रृंखलाएं जीत चुकी भारतीय टीम के लिए स्पिनर श्रेयांका पाटिल और श्रीचरणी ने प्रभावित किया लेकिन तेज गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अरूंधति रेड्डी की दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट व स्मृति मंधाना।

स्मृति मंधाना ने तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

डरबन। दक्षिण अफ्रीका और भारत की महिला टीमों के बीच पहले मैच के दौरान, स्मृति मंधाना ने टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया। स्मृति मंधाना के नाम अब 161 मैचों में 30.31 की औसत और 124.38 के स्ट्राइक रेट से 4244 रन दर्ज हैं। टी20 में उनके नाम 33 अर्धशतक और एक शतक है। रोहित शर्मा ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए 159 मैचों में 32.05 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए हैं।

अभिषेक की तेज शुरुआत के बावजूद हैदराबाद 194 रनों पर थमा

हैदराबाद, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए।

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अभिषेक (22 गेंद) ने 15 गेंद में अपना एक और अर्धशतक पूरा जिससे लग रहा था कि गायकवाड़ का फैसला उल्टा पड़ गया है। लेकिन आमतौर पर थोड़े महंगे साबित होने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी (दो ओवर में 21 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले की आखिरी दो गेंदों पर ट्रेविस हेड (20 गेंद में 23 रन) और कप्तान ईशान किशन (शून्य) को आउट कर करारे झटके दिए। सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 5.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 75 रन से अचानक छह ओवर के बाद दो विकेट पर 75 रन हो गया। सीएसके को इसी मौके की तलाश थी। पावरप्ले के बाद के ओवर सनराइजर्स हैदराबाद के के बल्लेबाज़ों के लिए काफी मुश्किल भरे रहे जिसमें सिर्फ क्लासेन (39 गेंद) ने अपना एक और अर्धशतक पूरा कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाने में मदद की। ओवरटन (37 रन देकर तीन विकेट) और कंबोज (22 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के और आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम पर पूरी तरह से नकेल कसकर रखी। सनराइजर्स हैदराबाद ने साढ़े चार ओवरों के अंदर अपने चार विकेट नहीं गंवाए होते तो वे आसानी से 225 से 230 रन बना सकते थे।

दस ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 112 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की क्रिकेट सूझबूझ भी टीम के काम आई। उन्होंने ओवरटन की एक शॉर्ट गेंद पर अभिषेक के खिलाफ रिव्यू की अपील की जो मैच का रुख बदलने वाले फैसलों से एक साबित हुआ। सीएसके के लिए ओवरटन की लेंथ और नूर अहमद (चार ओवर में 33 रन देकर कोई विकेट नहीं) की गेंदबाजी ने क्लासेन और दूसरे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नीतीश रेड्डी (12) जैसे भारतीय बल्लेबाज तथा अनकैप्ड खिलाड़ी जैसे अनिकेत वर्मा और सलिल अरोड़ा रन गति नहीं बढ़ा पाए जिससे सारा दबाव क्लासेन पर आ गया। कंबोज की जितनी भी तारीफ की जाए कम है, वह अब 'राउंड द विकेट' से तेज वाइड यॉर्कर फेंकने में माहिर हो गए हैं और इसी तरह की एक गेंद पर क्लासेन बोल्ड हो गए। गुरजपनीत सिंह ने भी 12 डॉट गेंदें फेंकीं।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद

194/9 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा का सैमसन बो ओवरटन	59
ट्रेविस हेड का गायकवाड़ बो चौधरी	23
ईशान किशन का गायकवाड़ बो चौधरी	00
हेनरिक क्लासेन बो कंबोज	59
अनिकेत वर्मा का नूर बो ओवरटन	02
नीतिश कुमार रेड्डी का शॉर्ट बो ओवरटन	12
सलील अरोड़ा का ब्रेविस बो गुरजपनीत	13
लियाम लिविंगस्टन का ब्रेविस बो कंबोज	01
शिवांग कुमार का गुरजपनीत बो कंबोज	12
प्रफुल हिंगे नाबाद	01

अतिरिक्त : 13, **विकेट पतन :** 1–75, 2–75, 3–93, 4–112, 5–147, 6–177, 7–179, 8–193, 9–194, **गेंदबाजी :** मैथ्यू शॉर्ट 3–0–38–0, मुकेश चौधरी 2–0–21–2, कंबोज 3–0–22–3, नूर 4–0–33–0, ओवरटन 4–0–37–3, गुरजपनीत 4–0–34–1

प्रेरणा | एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु मांडवाल जुटे हैं 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में

मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है और अब वह 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है।

इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे। जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे।

मांडवाल ने कहा वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल।

वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है : कोच

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं। उन्होंने कहा यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74–75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।

- अंडर-23 से सीनियर सर्किट में बना ली है जगह

मुश्किल में फंसी केकेआर टीम से जुड़ेंगे मथीशा पथिराना

कोलकाता। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार शनिवार देर रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो रहे हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ेगा जो इस समय आईपीएल तालिका में सबसे नीचे चल रही है।

टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में आई चोट से उबरने के बाद पथिराना ने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जरूरी फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें एनओसी भी मिल गया है। वह इस समय सफर कर रहे हैं और रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। हालाकि टीम के एक सूत्र के अनुसार उन्हें तुरंत अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना कम है क्योंकि टीम की मेडिकल टीम उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

खुलकर खेलने से दूर होंगे मुश्किल के दिन : रहाणे

अहमदाबाद, एजेंसी

छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है।

गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है।